

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 14 मई 2026

संवत 2083, जेष्ठ कृष्ण पक्ष 13 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 239, पृष्ट-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ पेयजल संकट का स्थायी समाधान, प्रभावी वाटर हार्वेस्टिंग

अनुष्का शर्मा ने किया कमबैक, नया लुक देखकर कंफ्यूज हो गए फैंस... ये सच में अनुष्का हैं ? ◂◂ 6




# मौसम विभाग ने राज्य में तेज हवा और बारिश का जारी किया अलर्ट



**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के कुछ हिस्सों में मई महीने में हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार की दोपहर और रात में बारिश (20 मिमी) हुई। कहीं-कहीं करीब 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार को राज्य में सबसे अधिक 20 मिमी बारिश चाईबासा में हुई। राजधानी का अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में 36 डिग्री, बोकारो में 34.1 डिग्री और चाईबासा में 36.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

**14 मई का मौसम :** मौसम विभाग के अनुसार, 14 मई को राज्य के पूर्वी और उससे सटे मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ आंधी-तूफान और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

15-16 मई को अलर्ट : मौसम विभाग के मुताबिक, 15 मई को गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा और गिरिडीह में 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी, वज्रपात और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 16 मई को रांची समेत पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में तेज आंधी, गर्जन और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील:** मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले मैदान और पेड़ों के नीचे नहीं रुकने और बिजली गिरने के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। 15 और 16 मई को अन्य जिलों में भी तेज हवा और बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया।

**19 तक बदला रहेगा मौसम :** मौसम विभाग के अनुसार, 19 मई तक राज्य के लगभग सभी जिलों में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। इस दौरान तेज हवा, वज्रपात और बारिश की संभावना को देखते हुए राज्यभर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। 17 मई को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार और लोहरदगा को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा, बादल, वज्रपात और बारिश की संभावना है।

## आंधी-तूफान के दौरान घर पर गिरा पेड़, महिला की मौत

,4

**लातेहार:** जिले के विभिन्न प्रखंडों में बुधवार की रात जमकर आंधी-तूफान चली। तेज तूफान की चपेट में आने से बालूमाथ प्रखंड के बरवाटोला गांव में रामेश्वर गंझु के घर के ऊपर एक पेड़ गिर गया, जिसमें उनकी पत्नी सीमा देवी की मौत हो गई। इस घटना में घर को भी भारी नुकसान पहुंचा। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य आरंभ कर दी।



**पेड़ के नीचे दबने से महिला की मौत:** दरअसल, बुधवार को लातेहार में अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने लगभग 10 मिनट तक भारी तबाही मचाई। बताया जाता है कि बालूमाथ प्रखंड के बरवाटोला गांव में रामेश्वर गंझु और उनके परिवार के लोग घर पर ही थे। इसी दौरान अचानक एक पेड़ घर के ऊपर गिर गया, जिसके नीचे रामेश्वर गंझु की पत्नी सीमा देवी दब गई। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी।

इस दौरान, घर के बाहर खड़ी बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा प्रखंड में कई अन्य स्थानों पर भी पेड़ और बिजली के पोल टूट गए। कई अन्य घरों को भी आंशिक रूप से नुकसान होने की सूचना है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद वरिष्ठ सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुशवाहा गुरुवार को घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने घटना की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को भी दी और पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव और अंचल अधिकारी बालेश्वर राम घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने बताया कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि तत्काल राहत के लिए मृतक के परिजनों को कुछ सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। शेष राशि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपलब्ध कराई जाएगी।

बुधवार रात आए तूफान का असर लातेहार जिला मुख्यालय के अलावा अन्य प्रखंडों में भी देखने को मिला। सदर अस्पताल के निकट मुख्य सड़क पर पेड़ गिर जाने के कारण लगभग 1 घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। इसके अलावा लगभग 5 घंटे तक बिजली सेवा भी बाधित रही। महुआडांड़ प्रखंड में भी तूफान के कारण काफी तबाही हुई। तूफान की चपेट में आने से कई पेड़ उखड़ गए। पिछले 15 घंटों से बिजली की आपूर्ति ठप पड़ी है।

### बीजेपी ने राहुल गांधी पर उठाए सवाल

## 22 साल में 54 विदेश यात्रा,कमाई 11 करोड़ और खर्च किए 60 करोड़



**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनके विदेश दौरों और उनसे जुड़े कथित खर्च को लेकर सवाल उठाए हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि राहुल गांधी ने वर्ष 2004 से 2026 के बीच 54 निजी विदेश यात्राएँ की हैं, जिन पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इन दौरों में कोई आधिकारिक सरकारी या संसदीय यात्रा शामिल नहीं है।

पात्रा ने राहुल गांधी की घोषित आय का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 के बीच उनकी कुल आय लगभग 11 करोड़ रुपये रही है। ऐसे में उन्होंने सवाल उठाया कि जब घोषित आय सीमित है, तो विदेश यात्राओं पर इतना खर्च कैसे हुआ और इसका स्रोत क्या है।

उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी पिछले 22 वर्षों से जनप्रतिनिधि हैं और इस दौरान उन्होंने इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, सिंगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों की यात्रा की है।

भाजपा ने यह आरोप भी लगाया कि इन यात्राओं से जुड़े कई रिकॉर्ड और तस्वीरें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, लेकिन उनके वित्तपोषण के स्रोत और भुगतान प्रक्रिया को लेकर अब तक स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में पात्रा ने कहा कि मुख्य सवाल यह है कि इन कथित निजी यात्राओं की फंडिंग किस माध्यम से हुई और इसका पूरा विवरण सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया है।

## बंगाल के कोयला खदान में भीषण विस्फोट 40 से अधिक मजदूर घायल, एक की मौत



**रानीगंजः** ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) की एक कोयला खदान में हुए एयर ब्लास्ट में करीब 40 से अधिक खनिक घायल हो गए। वहीं एक मजदूर की मौत की भी खबर सामने आ रही है, हालांकि खदान प्रबंधन की ओर से अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना के कारणों को लेकर अब मजदूर संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। श्रमिक संगठनों का आरोप है कि खदान प्रबंधन की लापरवाही और पर्याप्त निगरानी नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है। घटना की जांच की मांग भी उठाई जा रही है। 27 नंबर सेक्शन में हुआ हादसाः जानकारी के अनुसार, कुनुस्तोरिया एरिया के परशिया कोलियरी की भूमिगत खदान में प्रथम पाली के दौरान प्रातः लगभग 10 बजे खनिक 27 नंबर सेक्शन में कोयला काटने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक खदान की एक परत से जोरदार एयर ब्लास्ट हो गया। विस्फोट के प्रभाव से खदान के भीतर मौजूद मजदूर चारों ओर जा गिरे। बताया जा रहा है कि घायलों में कई ठेका मजदूर तथा कोलियरी के अतिरिक्त प्रबन्धक दिलीप कुमार भी शामिल हैं।

**अधिकतर मजदूरों की हालत नाजुकः** अचानक हुई इस घटना से खदान के अंदर अफरा-तफरी मच गई। तेज दबाव वाली हवा ने मजदूरों को इधर-उधर फेंक दिया। घटना के तुरंत बाद खदान के ऊपर मौजूद अधिकारी और बचाव दल राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। घायल मजदूरों को बाहर निकालकर रानीगंज के बाँसड़ा एरिया अस्पताल तथा ईसीएल के अन्य अस्पतालों एवं दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि अधिकांश मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## केंद्र सरकार ने चीनी के निर्यात पर सितंबर तक लगाई रोक

### देश में कीमतें कंट्रोल रखने को लेकर उठाया कदम

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है, इसमें चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। कच्ची, सफेद और रिफाइंड चीनी के निर्यात (एक्सपोर्ट) पर सितंबर 2026 तक रोक रहेगी। ये फैसला देश में चीनी की कीमतों को कंट्रोल में रखने के लिए किया गया है।



बता दें कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक अधिसूचना में कहा कि उसने 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत ने घरेलू मांग से अधिक उत्पादन की उम्मीद में मिलों को 15 लाख मीट्रिक टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी थी। लेकिन अब आशंका है कि प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में गन्ने की पैदावार कमजोर होने की वजह से उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष खपत से कम रहेगा। अल नीनो वेदर कंडीशन की वजह से मानसून में रुकावट होने की आशंका है। इसने पैदावार के प्रारंभिक अनुमानों से कम होने के जोखिम को भी बढ़ा दिया है।

रॉयटर्स की खबर के मुताबिक, डीलरों ने बताया कि निर्यात के लिए स्वीकृत 15 लाख मीट्रिक टन में से व्यापारियों ने लगभग 8 लाख टन के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसमें से 6 लाख टन से अधिक पहले ही भेजा जा चुका है। सरकार ने भी कहा है कि जो माल पहले से निर्यात प्रक्रिया में है उनको नहीं रोका जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि पहले ही माल की लोडिंग शुरू हो चुकी हो तो माल की ढुलाई की अनुमति दी जाएगी। ये अनुमति उन मामलों में भी दी जाएगी जहां शिपिंग बिल दाखिल किया गया हो और जहाज पहले ही किसी भारतीय बंदरगाह पर लंगर डाल चुका हो। भारत द्वारा निर्यात पर प्रतिबंध के ऐलान के बाद न्यूयॉर्क में कच्चे चीनी के वायदा भाव में 2% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि लंदन में सफेद चीनी के वायदा भाव में 3% की उछाल आया।

### 'ताइवान' पर चीन की सख्त चेतावनी, कहा-

## 'गलती हुई तो होगा सीधा टकराव'

**नई दिल्ली/एजेंसीः** दुनिया की दो महाशक्तियों के बीच बढ़ते तनाव के बीच, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को स्पष्ट शब्दों में आगाह किया है। बीजिंग में आयोजित द्विपक्षीय वार्ता के दौरान शी ने 'ताइवान मुद्दे' को दोनों देशों के संबंधों की सबसे संवेदनशील 'रेड लाइन' बताया और कहा कि इसे सही से न संभालना खतरनाक साबित हो सकता है। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने दी। शी चिनफिंग ने आगे कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखना चीन और वर के बीच सबसे बड़ी साझा बात है।



सरकारी ब्रॉडकास्टर के अनुसार, शी ने कहा, ताइवान का सवाल चीन-वर संबंधों में सबसे अहम मुद्दा है।उन्होंने कहा, अगर इसे ठीक से नहीं संभाला गया, तो दोनों देश आपस में टकरा सकते हैं या उनमें टकराव भी हो सकता है, जिससे पूरे चीन-वर संबंध बेहद खतरनाक स्थिति में पहुँच जाएँगे।

बीजिंग में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान, जो देश की दो-दिवसीय यात्रा का हिस्सा थी, शी चिनफिंग ने चीन और वर के बीच टकराव के बजाय सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार होना चाहिए।

उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान बोलते हुए, शी ने कहा कि दुनिया एक सदी में न देखे गए बदलाव से गुजर रही है और वैश्विक अनिश्चितता के बीच स्थिर चीन-वर संबंधों के महत्व पर जोर दिया।

चीनी राष्ट्रपति ने कहा, पूरी दुनिया हमारी मुलाकात पर नजर रखे हुए है। इस समय, पूरी दुनिया में एक सदी में न देखा गया बदलाव तेजी से हो रहा है, और अंतरराष्ट्रीय स्थिति अस्थिर और उथल-पुथल भरी है। दुनिया एक नए मोड़ पर आ गई है।

दो वैश्विक शक्तियों के बीच संबंधों के भविष्य के बारे में व्यापक सवाल उठाते हुए, शी ने पूछा कि क्या वर और चीन थ्यूसीडाइड्स ट्रैप से उबरकर संबंधों के एक नए प्रतिमान की ओर बढ़ सकते हैं। शी ने कहा, क्या चीन और यूएस थ्यूसीडाइड्स ट्रैप से उबरकर बड़े देशों के संबंधों का एक नया प्रतिमान बना सकते हैं? क्या हम मिलकर वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और दुनिया को और अधिक स्थिरता प्रदान कर सकते हैं? क्या हम, अपने दोनों देशों के लोगों की भलाई और मानवता के भविष्य के हित में, अपने द्विपक्षीय संबंधों के लिए मिलकर एक उज्जवल भविष्य बना सकते हैं?

## बोकारो में अवैध डीजल गोदाम में लगी आग, मची अफरातफरी

**बोकारोः** बुधवार देर रात बोकारो में एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के अंतर्गत फोरलेन किनारे संचालित एक अवैध डीजल गोदाम में भीषण आग लग गई। फोरलेन के किनारे स्थित एक गोदाम से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, हालांकि गोदाम में भारी मात्रा में डीजल और ज्वलनशील पदार्थ ड्रमों में भरकर रखे गए थे, इसलिए आग तेजी से फैलती गई। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि उन्हें कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था। आग लगने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह गोदाम काफी समय से अवैध रूप से चलाया जा रहा था। डीजल से भरे ड्रमों में होने वाले धमाकों की आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए ।



## केसी वेणुगोपाल को झटका, वीडी सतीशन होंगे केरल के नए मुख्यमंत्री

**नई दिल्लीः** केरल में नए मुख्यमंत्री को लेकर चल रहा सस्पेंस आखिरकारी गुरुवार को खत्म हो गया। कांग्रेस पार्टी ने नए मुख्यमंत्री का नाम फाइनल कर दिया है। मुख्यमंत्री पद की रेस में जहां केसी वेणुगोपाल का नाम सबसे आगे चल रहा था। अब 10 दिन की माथापच्ची के बाद श्री वेणुगोपाल का नाम कट गया है और वीडी सतीशन का नाम आगे आया है। कांग्रेस पार्टी ने वीडी सतीशन को केरल का नया मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया है। गुरुवार को ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने केरल के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा से पहले पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत की, जिसके सतीशन का नाम फाइनल हुआ। मल्लिकार्जुन खडगे के साथ हुई चर्चा में एआईसीसी की महासचिव प्रभारी दीपा दासमुंशी और दो वरिष्ठ पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक शामिल रहे। बता दें कि केरल विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित हुए थे, लेकिन 10 दिन बाद भी कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय नहीं किया, लेकिन अब नाम फाइनल हो गया है। इसी के साथ गुरुवार शाम तक कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी होने वाली है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### हिण्डालको कर्मी की मौत

**मुरीः** बीती रात मुरी थाना अन्तर्गत बिसिरिया रेलवे सब - वे के नजदीक मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर गिरने से हिण्डालको कर्मी वंशीधर महतो लगभग (55) की मौत स्पोट पर ही हो गया। मुरी थाना पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जैसा कि गांव के लोग ने बताया कि रेलवे सब-बे नजदीक सड़क पर वर्षा के कारण कीचड़ हो गया था। मिट्टी का समतलीकरण नहीं था। घर में दो बेटे और बेटियां भी है। हिण्डालको में काम करता था। ड्यूटी के बाद घर लौट रहा था।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता शशिभूषण सिंह को गयी श्रद्धांजलि

**खलारीः** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. शशिभूषण सिंह गुरुवार को केडी हिन्दू गड़ी चौक में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय भाजपा कार्यकर्त्ता एवं समाजसेवी ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्व. सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने स्व. शशिभूषण सिंह को संगठन के प्रति समर्पित, सरल स्वभाव और जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले नेता बताया और कहा कि स्व. सिंह का व्यक्तित्व और कार्यशैली कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगी। उनके निधन से पार्टी ने एक कर्मठ और निष्ठावान नेता एवं अभिभावक खो दिया। मार्गदर्शक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई मोके पर बिनोद विश्वकर्मा मिथलेश सिंह,रवींद्र गिरी, प्रिंस सिंह, मोनू सिंह ,अनिल गंझु, अभिषेक चौहान, कृष्णा चौहान ,रोहित सिंह ,शिवम् सिंह ,भोला यादव , बीरेंद्र यादव , रोशन लाल , शत्रुध्न अग्रवाल, विकेश सिंह विक्की, मयंक सिंह, दीपक वर्मा, रतन लाल , कामेश्वर निषाद , रोनित सिंह, सिन्नी समाध, शुभम सिंह डंपू, विकाश सिंह, सरस्वती देवी , तनवीर आलम, शत्रुंजय सिंह, आनंद सिंह, अमित लोहरा,नितेश तिवारी, आनंद सिंह विकी कुमार राम, दीपक लोहार, दीपक तुरी, किशन राम, अशोक तुरी तनवीर आलम,अजित पांडे, दीपशिखा पाण्डेय,जावेद खान, इकबाल खान,जावेद अख्तर व कई लोग उपस्थिति थे

### 10 जून को सीएम आवास घेराव को लेकर आन्दोलन कारियों की बैठक

**मुरीः** झारखंड आन्दोलनकारियों की लगातार उपेक्षा के विरोध में आगामी 10 जून को चान्हो में सीएम आवास घेराव को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बेलहम मिंज ने किया। आन्दोलनकारियों सघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि आगामी 10 जून को अबुआ सरकार में बैठे आन्दोलनकारियों के विरोधियों का चेहरा बेनकाब किया जाएगा। आन्दोलनकारियों के मांग में पेंशन उनको मान सम्मान के साथ दिया जाए, रोजी रोजगार की गारंटी हो, जेल जाने की बाध्यता खत्म हो। इन सब मांगों को सरकार केवल आशवासन पर राजनीति कर रही है। जमीन पर कुछ भी काम नहीं हो रहा है। बैठक में अध्यक्ष सुबोध लकड़ा, उपाध्यक्ष अमर भेंगरा, जयराम भगत, सावित्री लकड़ा, आबिद अंसारी, सरस्वती भगत व अन्य उपस्थित थे।

### नीट परीक्षा रद्द को लेकर शिक्षा मंत्री का आधिकारिक बयान नहीं आना निराशाजनक : वीरेंद्र मिश्रा

**कोडरमाः** झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा के जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा ने देश के प्रतिष्ठित नीट परीक्षा के रद्द होने पर मायूस हुए छात्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा है की नीट परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना एक गहरी साजिश तथा भ्रष्टाचारियों की मिली भगत का नतीजा है आरोपी कौन होगा यह तो जांच के बाद ही बात सामने आएगी पर तत्काल में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के ऊपर सवाल उठना स्वाभाविक है जिस संस्था के ऊपर देश के प्रतिष्ठित परीक्षाओं को कंडक्ट कराने की जवाबदारी है और यह संस्था पूरी तरह से भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के अधीन आती है जिसके मंत्री धर्मेंद्र प्रधान है जो आज के दौर में अपनी जवाब देही से बच नहीं सकते आज देश का युवा राष्ट्र के शिक्षा मंत्री से जवाब चाहता है जब नीतीश कुमार रेल मंत्री रहते हुए 1999 में रेल दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिकता के आधार पर अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था 1956 में लाल बहादुर शास्त्री ने रेल दुर्घटना होने पर नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे दिया था तो फिर यह देश का शिक्षा मंत्री की नैतिकता कहां चली गई है और अभी तक खामोश क्यों है? आप सभी को यह जानकारी होनी चाहिए कि देश के 22 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने नीट की परीक्षा एक कठिन परिश्रम करने के बाद दिया था जिनके अरमानों पर शिक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ काम करने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पानी फेर दिया है धर्मेंद्र प्रधान जी को इस बात की जानकारी हो या ना हो लेकिन यह सूचित किया जाता है कि जब-जब युवा जागा है इतिहास में पलटी मारी है शिक्षा है सब का अधिकार बंद करो इसका व्यापार यह नसीहत धर्मेंद्र प्रधान जी को मिलनी चाहिए विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जबकि देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा ली जाने वाली परीक्षा पारदर्शी हो हमारी मांग है कि देश के शिक्षा मंत्री नीट परीक्षा की स्थिति को लेकर कारण स्पष्ट करें और देश के उन तमाम परीक्षार्थियों को भरोसे में लेने का काम करें जो आज निराश है अन्यथा नैतिकता का तकाजा है की पूर्ववर्ती नेताओं की तरह अपने आदर्श को प्रस्तुत करें।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में दबदबा

**झुमरी तिलैयाः** मॉडर्न पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध करते हुए कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान और वाणिज्य दोनों ही संकायों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर जिले में विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। मुख्य उपलब्धियां निम्नलिखित हैंः विज्ञान संकाय के कुल 29 विद्यार्थियों में से 6 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। पार्थ कुमार अग्रवाल ने 97.2% अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद अरमान सूद (96.2%) और राघव सोमानी (95.8%) क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि अरमान सूद पूर्व में आईआईटी- जेईई मेन्स में जिला टॉपर रह चुके हैं। वाणिज्य के कुल 8 विद्यार्थियों में से 2 ने 90% का आंकड़ा पार किया। रक्षा जैन ने 95.2% अंक लाकर संकाय में टॉप किया, जबकि जागृति जैन ने 90.4% अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पेंटिंग के क्षेत्र में भी स्कूल ने इतिहास रचा है, जहाँ 5 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 (शत-प्रतिशत) अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा यह परिणाम बच्चों के कठोर परिश्रम, शिक्षकों के सटीक मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट आशीर्वाद का प्रतिफल है। हमारे विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि अनुशासन और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# कर्रा पुलिस को बड़ी सफलता, पीएलएफआई उग्रवादी राजेश यादव गिरफ्तार

**जंगी ऐप और टू इन मी ऐप के माध्यम से लोगों को देता था धमकी, हथियार व कारतूस बरामद**



खूंटी/कर्राः कर्रा थाना पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य राजेश यादव उर्फ राजेश महतो उर्फ मोहन कुमार को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के पास से हथियार, कारतूस, मोबाइल फोन और पीएलएफआई संगठन से संबंधित पर्चे बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार वह जंगी ऐप और टू इन मी ऐप के माध्यम से लोगों को कॉल कर धमकाने का काम करता था।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कर्रा थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडों में संलिप्त प्राथमिकी अभियुक्त राजेश महतो किसी कार्य से खूंटी आने वाला है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस टीम ने खूंटी-तिरला मार्ग स्थित निमार्णाधीन बस स्टैंड के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन कुमार उर्फ राजेश महतो उर्फ राजेश यादव बताया। वह रांची जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री नगर का निवासी है।

पुलिस द्वारा पूछताछ और आरोपी की निशानदेही पर ग्राम कटमकुकू स्थित एक नवनिर्मित मकान में छापेमारी की गई। वहां मिट्टी में गाड़कर छिपाकर रखे गए हथियार और अन्य सामान बरामद किए गए। बरामद सामानों में एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, पीएलएफआई संगठन के दो पर्चे, तीन मोबाइल फोन तथा एक छोटा बैग शामिल है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ बेड़ो, कर्रा, खूंटी और तोरपा थाना में आर्म्स एक्ट एवं उग्रवादी गतिविधियों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। वह पूर्व में भी कई कांडों में आरोपी रह चुका है। पुलिस अब उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

इस छापेमारी दल में प्रशिक्षुक पुलिस उपाधीक्षक रामप्रवेश कुमार, कर्रा थाना प्रभारी दीपक कांत कुमार सहित विभिन्न थाना के पुलिस अधिकारी, सशस्त्र बल एवं तकनीकी शाखा की टीम शामिल रही।

### पीएलएफआई ने गिरफ्तारी पर उठाए सवाल, पुलिस कार्रवाई की निंदा

**खूंटी/कर्राः** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई की ओर से एक पत्र जारी कर कर्रा थाना पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी पर सवाल उठाया गया है। संगठन के कथित जोनल कमांडर राजेश यादव ने पत्रकारों को भेजे गए पत्रांक 0208, दिनांक 13 मई 2026 में दावा किया है कि पुलिस ने संगठन के किसी भी सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार नहीं किया है।

पत्र में कहा गया है कि राजेश महतो उर्फ राजेश यादव को फर्जी तरीके से गिरफ्तार किया गया है और पुलिस द्वारा हथियार, गोली एवं पर्चा दिखाकर जेल भेजने का आरोप लगाया गया है। संगठन की ओर से कहा गया है कि इस प्रकार की कार्रवाई से बेगुनाह लोगों को परेशान किया जा रहा है, जिससे संगठन और मजबूत होता जा रहा है। जारी बयान में पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा गया है कि पीएलएफआई से जुड़े किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही पत्रकारों एवं मीडिया संस्थानों से अपील की गई है कि बिना तथ्यों की जांच किए संगठन के विरोध में समाचार प्रकाशित नहीं करें। पत्र के अंत में क्रांतिकारी अभिवादन के साथ राजेश यादव का नाम अंकित है।

हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव पर रेडक्रास में थैलीसेमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान




**संवाददाता**

**चतरा :** विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक रहनुमा सह मानवतावादी श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव पर दि आर्ट ऑफ लिविंग, चतरा परिवार द्वारा रक्तदान समेत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रातः 6.30 बजे से प्रशिक्षकद्वय दीपक कुमार व रेणु रीना के संयुक्त नेतृत्व में स्थानीय गंदौरी मंदिर कैंपस स्थित अक्षरा पैलेस में प्रातः साधना प्रकल्प के तहत जन्मोत्सव स्पेशल सामूहिक लम्बी सुदर्शन क्रिया व योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें चंद्रशेखर गुप्ता, माधवी गुप्ता, कृष्ण कुमार, अनिता कुमारी, नवल किशोर सहित लगभग दो दर्जन से अधिक सदस्य शामिल हुए। तत्पश्चात सेवा प्रकल्प के तहत प्रातः 10.30 बजे से स्थानीय रेड क्रॉस स्थित रक्त केंद्र में दीपक कुमार व विकास कुमार स्नेही के संयुक्त नेतृत्व में वालंटरी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि आयुष चिकित्सक डॉ एम पी यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्वयं रक्तदान कर लोगों को मानवता की सेवा में अपनी तत्परता एवं दृढ संकल्प का परिचय दिया। मौके पर कुल 25 रक्तवीर सदस्यों ने थैलीसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान कर मानवीय सेवा का परिचय दिया। रक्तदान करनेवाले प्रमुख लोगों में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं डॉ एम.पी यादव,विकाश कुमार स्नेही, चिरंजीव नारायण सिंह, मनीष कुमार, अनिल कुमार सिंह, दीपक कुमार,मुकेश कुमार सिंह मोङ्ग इरफान, रवि कांत राम अवकाश कुमार, दिलीप वर्मा, राजु सिंह,महेन्द्र दाँगी, गोपाल वर्मा (उंटा) शम्भु वर्मा,सुमित आंनद,अमित कुमार (एडवोकेट) का नाम शामिल हैं। इस मौके पर रेडक्रास के सचिव धर्मेंद्र पाठक उपस्थित थे। सभी रक्तदाताओं को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों में मालती मिश्रा व अन्नपूर्णा गुप्ता आदि के नाम मुख्य रूप से शामिल हैं। तदुपरान्त शाम 6.30 बजे से स्थानीय गंदौरी मंदिर स्थित अक्षरा पैलेस में प्रशिक्षक दीपक कुमार व रेणु रीना के संयुक्त नेतृत्व में गुरुपूजा चैंटिंग, ज्ञान, ध्यान व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान रेणु रीना,गुंजा कुमारी, माधवी गुप्ता व बिकास राय द्वारा एक से बढ़कर एक आर्ट ऑफ लिविंग के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। तत्पश्चात दीपक कुमार द्वारा ज्ञान चर्चा व श्री श्री द्वारा निर्देशित ध्यान का अभ्यास कराया गया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को गुरु प्रसाद व भोजन प्रसाद प्रदान किया गया।सम्पूर्ण कार्यक्रमों के सफल संचालन में प्रमुख रूप से अजीत कुमार, विपिन जायसवाल, चन्द्रदेव प्रसाद, सुमित सोनू, विमल दाँगी, बैजन्ती देवी, मनिता देवी,आर्यन कमल,सौरभ मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा रहा।

## ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में 20 मई को बंद रहेगी दवा दुकानें



**संवाददाता**

**चतराः** ऑनलाइन फार्मेसी की अनियंत्रित कार्यप्रणाली व दवाओं पर दी जा रही भारी छूट के विरोध में 20 मई को देशव्यापी बंदी के तहत जिले के सभी दवा दुकाने बंद रहेगी। बंद का आहवान ऑल इंडिया ऑगेर्नाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट के द्वारा किया गया है। यह जानकारी चतरा डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सचिव अनिमेष दत्ता ने बुधवार को गौरक्षणी परिसर के समीप स्थित होटल में प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि अवैध ई-फामेर्सी व भारी छूट के कारण करीब पांच करोड़ लोगों की आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है। एआईओसीडी के द्वारा कई बार सरकार से इस पर ठोस पहल करने की मांग की गयी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।ई-फामेर्सी प्लेटफॉर्म नियमों में ढील का फायदा उठा कर बिना भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री कर रहे है। जिससे एक ही प्रिस्किप्शन का बार-बार उपयोग हो रहा है। एआई आधारित फर्जी प्रिस्क्रिप्शन के जरिये एंटीबायोटिक्स व नशीली दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता एमआर जैसे बड़े खतरे को जन्म दे रही है, जो सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से जुड़ा है। बड़े कॉपोर्रेट संस्थान भारी छूट के माध्यम से बाजार संतुलन बिगाड़ रहे है,जिससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो के छोटे केमिस्टों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। मौके पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बिरजू प्रसाद केशरी, कोषाध्यक्ष सोहेल आलम के अलावा मंटू कुमार, मनोज कुमार, सोनू केशरी, ओमकार केशरी समेत अन्य उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल के 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**संवाददाता**

**चतराः** डीएवी पब्लिक स्कूल के 12वीं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की और उत्कृष्ट अंकों से विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में सृष्टि गोस्वामी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। शिवम ने 82.8 प्रतिशत, आलिया कौसर ने 81.4 प्रतिशत, हमदान ने 77.8 प्रतिशत, माही ने 75 प्रतिशत, आनंदी ने 73 प्रतिशत, पुरुषोत्तम कुमार ने 71.8 प्रतिशत, काशिश ने 66.2 प्रतिशत तथा रितिक ने 65.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं वाणिज्य संकाय में रेहान इकबाल ने 91.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉपर बना। कुमार आरव ने 75.4 प्रतिशत, श्रेया ने 74 प्रतिशत, सोनाली ने 71.8 प्रतिशत, नैंसी ने 68.6 प्रतिशत तथा राज आर्यन ने 54.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।

## ईटखोरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : मोबाइल दुकान में हुई 10 लाख की चोरी का खुलासा, अंतरजिला चोर गिरफ्तार, 31 स्मार्टफोन बरामद

**संवाददाता**

**चतरा :** जिले की ईटखोरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने महज कुछ ही दिनों के भीतर मोबाइल दुकान में हुई बड़ी चोरी की घटना का पदार्फाश कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने अंतरजिला गिरोह के पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से लाखों रुपये के मोबाइल फोन और चोरी में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की गई है। मामले की शुरूआत बीते 16 मार्च 2026 को हुई थी। ईटखोरी चट्टी के रहने वाले सूरज कुमार दांगी पिता- विनोद दांगी) ईटखोरी थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। वादी ने बताया था कि अज्ञात चोरों ने उनकी मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर बड़ी संख्या में कीमती स्मार्टफोन और नकद रुपयों की चोरी कर ली है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने ईटखोरी थाना कांड संख्या 28/26 दर्ज किया और जांच शुरू की। चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद चतरा पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए एक विशेष रणनीति तैयार की। एसपी के निर्देश पर ईटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम को तकनीकी सेल और गुप्त सूचनाओं के आधार पर अपराधियों तक पहुँचने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पुलिस अधीक्षक को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने इस कांड में संलिप्त कुल पांच अभियुक्तों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए चोरों में चंदन कुमार भोक्ता चौपारण, हजारीबाग, कामेश्वर कुमार चौपारण, हजारीबाग रुबेश कुमार चौपारण, हजारीबाग,खिरोधर कुमार चौपारण, हजारीबाग एवं महेश भोक्ता (पत्थलगड्डा, चतरा के अपराधी हैं। सभी अपराधी हजारीबाग और चतरा जिले के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय थे और संगठित होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने उनके ठिकानों से चोरी का माल बरामद किया। पुलिस ने कुल 31 विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन बरामद किए हैं, जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा पुलिस ने एक निकॉन कंपनी का कैमरा, कैमरा चार्जर और चोरी की घटना में इस्तेमाल की गई एक मोडीफाईड डिस्कवर मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। ईटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि इन अपराधियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगेगी। सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह के तार और कहां-कहां जुड़े हैं।



# टेंडर हार्ट स्कूल के मंजर अली 93 प्रतिशत के साथ बने स्कूल टॉपर

## सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉमर्स संकाय में 93 प्रतिशत अंक हासिल किया

मेट्रो रेज



**रांची:** टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र मंजर अली ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉमर्स संकाय में 93 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल, परिवार और पूरे रांची में खुशी का माहौल है।

रांची के होनहार छात्र मंजर अली ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की है। परिणाम घोषित होने के बाद परिवार में जश्न का माहौल देखने को मिला। माता-पिता ने बेटे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसकी सफलता पर गर्व जताया।

स्कूल की प्राचार्य ने भी मंजर अली को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मंजर अली की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

मंजर अली ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, अनुशासन और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन करीब 6 घंटे पढ़ाई करते थे। भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए मंजर अली ने कहा कि वह देश सेवा के उद्देश्य से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं।

एलएन इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप

# समर कैंप बच्चों के समग्र विकास का बड़ा माध्यमः रोशनी खलखो





मेट्रो रेज

**रांचीः** रांची नगर निगम की मेयर रोशनी खलखो ने कहा है कि समर कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास का बडा. माध्यम हैं। यह एक तरह से उनके समग्र विकास का बड़ा जरिया भी है। चुटिया स्थित एलएन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन उन्होंने नन्हे बच्चों को प्रोत्साहित किया। ड्राइंग और दूसरी एक्टिविटी के लिए बच्चों के जोश, उत्साह को सराहा। कहा कि समर कैंप के जरिये एक ही जगह डांस, म्यूजिक, मैजिक शो, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, योग और अन्य विधाओं में बच्चे भाग लेकर बहुत कुछ सीखते हैं। स्कूल की यह अच्छी पहल है। पार्क, बगीचे में जाने की तुलना में स्कूल परिसर के अंदर अपने हमउम्र साथियों के बीच विभिन्न गतिविधियों का आनंद लेना बच्चों के लिए रुचिकर साबित होता है। मौके पर उन्होंने बच्चों संग कुछ पल भी बिताए। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल मधुबाला पांडेय, निदेशक सुमित पांडेय, स्कूल टीचर्स सहित कई अभिभावक भी उपस्थित थे। इससे पहले बुधवार को समर कैंप के पहले दिन रांची नगर निगम के डिप्टी मेयर नीरज कुमार और वार्ड पार्षद आरती कुमारी ने भी बच्चों का उत्साह बढाया था। मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए थे। अब शुक्रवार को समर कैंप के आखिरी दिन पुल डांस, रेन डांस और अन्य गतिविधियां होंगी और बच्चों को सम्मानित भी किया जायेगा।

मेहनत और हौसले की मिसाल

# शोएबा इमाम ने सीबीएसई की 12वीं वोर्ड परीक्षा में हासिल किए 90 प्रतिशत अंक

मेट्रो रेज



**मिथापुर:** कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसका शानदार उदाहरण पेश किया है बाबर कुरैशी की पुत्री शोएबा इमाम ने, जिन्होंने सीबीएसई परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार तथा समाज का नाम रोशन किया है।

शोएबा की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। लोगों का कहना है कि शोएबा की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

इस अवसर पर नवाब चिश्ती ने शोएबा इमाम को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शोएबा ने अपनी सफलता से यह साबित कर दिया है कि सच्ची लगन कभी व्यर्थ नहीं जाती।

# जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आये आलमगीर आलम



संवाददाता

**रांचीः** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम आज यानी गुरुवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से जमानत पर बाहर हुए। आलमगीर आलम को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2024 को गिरफ्तार किया था।

**सुप्रीम कोर्ट से मिली थी जमानत :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार सुबह मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और उनके पीए संजीव लाल को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी थी। झारखंड हाईकोर्ट द्वारा पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके पीए संजीव लाल की जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुनवाई के दौरान आलमगीर आलम की ओर से दलील दी गई कि इस मामले में उनके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष आरोप नहीं है। न ही उनके यहां से किसी तरह की नकदी बरामद हुई है। ऐसे में उन्हें राहत मिलनी चाहिए। इसके अलावा पूर्व मंत्री के वकीलों ने उनकी बीमारी का भी हवाला देते हुए को जमानत की गुहार लगाई।

**क्या था मामला? :** ईडी ने आलमगीर आलम को 15 मई 2024 को टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई उनके करीबियों के ठिकानों पर की गई छापेमारी में 32 I20 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद होने के बाद हुई थी।

# अमूल दूध के दाम में दो रूपये की बढ़ोतरी, बढ़ा मूल्य आज से प्रभावी




**रांचीः** अमूल ब्रांड के तहत उत्पाद बेचने वाली गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने बुधवार को बढ़ती इनपुट लागत के कारण पूरे भारत में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। अब 14 मई से बढ़े हुए दामों में अमूल के दूध मिलेंगे। दूध की कीमतों में वृद्धि से खाद्य मुद्रास्फीति पर असर पड़ने की संभावना है और इससे मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं के बजट पर दबाव पड़ेगा। पिछली बार कीमतों में बढ़ोतरी 1 मई, 2025 को की गई थी। जीसीएमएमएफ ने एक बयान में कहा कि उसने भारत भर में प्रमुख दूध विक्रय प्रकारों/पैकेटों में ताजे पाउच दूध की कीमतों में 14 मई से 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है।

**कंपनी ने दिया ये तर्कः** बयान में आगे कहा गया है कि यह बढ़ोतरी प्रति लीटर लगभग 2.5-3.5 प्रतिशत के बराबर है, जो औसत खाद्य मुद्रास्फीति से कम है। बयान में कहा गया कि दूध के संचालन और उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि के कारण कीमतों में बढ़ोतरी की जा रही है। इस दौरान पशुओं के चारे, दूध की पैकेजिंग फिल्म और ईंधन की लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है। सहकारी समिति ने कहा कि उसके सदस्य संघों ने किसानों के खरीद मूल्य में 30 रुपये प्रति किलोग्राम वसा की वृद्धि की है, जो मई 2025 की तुलना में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि है।

**भैंस के दूध की कीमतों में ज्यादा बढ़ोतरीः** दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के लिए 500 मिलीलीटर पैक की संशोधित दरों के अनुसार, स्लिम एन वेरिएंट की कीमत 27 रुपये, ताजा की कीमत 30 रुपये, गाय के दूध की कीमत 31 रुपये और गोल्ड की कीमत 36 रुपये होगी। भैंस के दूध की कीमत में 4 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई है और अब यह 80 रुपये प्रति लीटर हो गया है। जीसीएमएमएफ ने कहा कि अमूल की नीति के तहत, दूध और दूध उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक रुपये में से लगभग 80 पैसे दूध उत्पादकों को दिए जाते हैं। जीसीएमएमएफ ने आगे कहा कि मूल्य संशोधन से दूध उत्पादकों को लाभकारी दूध मूल्य बनाए रखने में मदद मिलेगी और उन्हें अधिक दूध उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

**एक लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबारः** डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग के चलते, वित्त वर्ष 2025-26 में अमूल ब्रांड का कुल कारोबार 11 प्रतिशत बढ़कर 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। पिछले वित्त वर्ष में जीसीएमएमएफ का कारोबार 11 I4 प्रतिशत बढ़कर 73,450 करोड़ रुपये हो गया, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह 65,911 करोड़ रुपये था। जीसीएमएमएफ दुनिया की सबसे बड़ी किसान-स्वामित्व वाली डेयरी सहकारी संस्था है, जिसमें 36 लाख किसान शामिल हैं। यह प्रतिदिन 31 मिलियन लीटर दूध एकत्र करता है और सालाना 24 बिलियन से अधिक अमूल उत्पादों के पैकेट वितरित करता है, जिनमें दूध, मक्खन, पनीर, घी और आइसक्रीम आदि शामिल हैं।

# हड्डी लदा ट्रक जब्त, चालक व तीन तस्कर गिरफ्तार

**नामकुमः** वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रामपुर चौक पर पशुओं की हड्डी लदा ट्रक जेएच 02 ऐजी 3490 पकड़ा है। मामले में पुलिस ने ट्रक के चालक व तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं मुख्य तस्कर फरार होने में कामयाब रहा। गिरफ्तार लोगों में चालक मुन्ना अंसारी उर्फ समीर पिता तूफानी अंसारी, अल्ताफ खान पिता सत्तार खान, दोनों इदरीस कॉलोनी कांटाटोली लोअर बाजार, शफाक कुरैशी पिता हाफिज कुरैशी, कुरैशी मोहल्ला, लोअर बाजार, मोहम्मद नौशाद पिता जमाल कुरैशी कांटाटोली निवासी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार एसएसपी को मिली जानकारी पर नामकुम पुलिस ने रामपुर चौक पर जांच अभियान चलाया। इसी क्रम में हड्डी लदे ट्रक को चालक के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में चालक ने हड्डियों को रांची से लातूर पहुंचाने की बात कही। ट्रक पकड़े जाने की खबर सोशल मीडिया में चलने के बाद तस्कर ट्रक छुड़ाने थाना पहुंचे। उन्होंने पुलिस पर पैसा लेकर गाड़ी छोड़ने का दबाव बनाया। उन्होंने ट्रक व चालक को छोड़ने के लिए रुपये देने का ऑफर किया, परंतु पुलिस ने मौका पाकर अल्ताफ खान, शफाक कुरैशी व मोहम्मद नौशाद को गिरफ्तार कर उनकी कार जब्त कर ली। वहीं मुख्य तस्कर थाना से बाहर रहने की वजह से फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

# लापता अदिति की तलाश में नाली से लेकर नदी तक सर्च ऑपरेशन, पुलिस ने किया 'क्राइम सीन' री-क्रिएट

संवाददाता



**रांचीः** सदर थाना क्षेत्र के कोकर खोरहा टोली से लापता हुई 18 माह की बच्ची अदिति की तलाश में पुलिस की टीम लगातार अभियान चला रही है। बुधवार को पुलिस ने बच्ची के घर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम का री-क्रिएशन किया और हर पहलू से जांच शुरू की।

सदर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ दोपहर करीब 12 बजे बच्ची के घर पहुंचे। बच्ची के लापता होने के समय की परिस्थितियों को दोबारा समझने का प्रयास किया। यह जानने की कोशिश की कि बच्ची किस तरह खेल रही थी, उस दौरान घर में कौन-कौन मौजूद था और आसपास क्या गतिविधियां चल रही थीं।

जानकारी के अनुसार घटना के समय परिवार के करीब सात सदस्य मौजूद थे और पांच बच्चे खेल रहे थे। पुलिस ने परिवार की महिलाओं एवं अन्य सदस्यों से पूछताछ कर यह भी जानकारी ली कि उस समय कोई बाहरी व्यक्ति घर आया था या नहीं। बच्ची जिस गेंद से खेल रही थी, वह अब तक नहीं मिल सकी है।

पुलिस ने उन बच्चों से भी पूछताछ की, जो अदिति के साथ खेल रहे थे। यह जानने की कोशिश की गई कि बच्ची को आखिरी बार कब और कहां देखा गया था।

**नाली और आसपास के इलाकों की भी जांच :** पुलिस ने घर के पास स्थित नाली की भी जांच की। अधिकारियों ने यह समझने का प्रयास किया कि यदि बच्ची नाली में गिरी तो पानी का बहाव किस दिशा में था। बच्ची कहां तक पहुंच सकती थी। मोहल्ले के लोगों से भी दोबारा पूछताछ की गई कि किसी ने बच्ची को आखिरी बार कब देखा था या किसी संदिग्ध व्यक्ति को बच्चे के साथ जाते हुए देखा है या नहीं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है और किसी भी बिंदु को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा। रांची के सभी थाना क्षेत्रों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। शहर से बाहर जाने वाले मार्गों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है।

**करीबी लोगों और मजदूरों से भी की गई पूछताछ :** पुलिस अब बच्ची के करीबी लोगों और आसपास नियमित रूप से आने-जाने वालों की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि बच्ची किसी परिचित व्यक्ति के साथ आसानी से जा सकती थी। इलाके में काम कर रहे मजदूरों और संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। साथ ही तथाकथित गुलगुलिया गिरोह की संभावित संलिप्तता को लेकर भी जांच की जा रही है।

**तकनीकी जांच का भी लिया जा रहा सहारा :** मामले की जांच में पुलिस तकनीकी सेल की भी मदद ले रही है। घटना के समय इलाके में सक्रिय मोबाइल फोन नंबरों का डाटा खंगाला जा रहा है। डाग स्क्वायड भी जांच में लगी हुई है।

**एनडीआरएफ की टीम को नहीं मिला कोई सुराग :** एनडीआरएफ की टीम भी लगातार बच्ची की तलाश में जुटी हुई है। टीम ने बुधवार को स्वर्णरेखा नदी के पास उन स्थानों पर जांच की, जहां नालों का पानी जाकर नदी में गिरता है। पूरे इलाके में खोजबीन के बावजूद एनडीआरएफ की टीम को अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

**17 सीसीटीवी फुटेज की जांच :** लापता बच्ची की तलाश में पुलिस अब तक करीब 17 स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल चुकी है। घर और आसपास के इलाके में लगे कैमरों की फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है। हालांकि अब तक किसी फुटेज में ऐसा कोई दृश्य सामने नहीं आया है, जिसमें कोई व्यक्ति बच्ची को ले जाते दिखाई दे रहा हो।

**नाले में मिला अवशेष जानवर का, होगी फॉरेंसिक जांच :** होटवार के गाडी गांव के पास मंगलवार को नाले से मिले अवशेष को प्रारंभिक जांच में जानवर की हड्डी बताया गया है। अब इस अवशेष की फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट कुछ दिनों में पुलिस को सौंपे जाने की संभावना है।

**नाले में मिले मांस की हो रही फॉरेंसिक जांच :** गाड़ीगांव के पास मंगलवार को नाले से मिले मांस को प्रारंभिक जांच में जानवर की हड्डी बताई गई है। फॉरेंसिक जांच अब शुरू की जा रही है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-18/2026-27**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या-1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.05.2026 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय: दिनांक 21.05.2026 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 21.05.2026 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Sanyukt Aushadhalaya of Doranda, Ranchi | 2345200 | 47000 | 5000 | Two Months |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या-1, राँची

PR 379704 (Building)26-27*D

## सूक्ति

सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर

## परीक्षाओं में धांधली: सपनों की हत्या का जिम्मेदार कौन?

**प्रतियोगी** परीक्षाएं चाहे सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए हो या फिर किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए, ये सिर्फ चयन का माध्यम भर नहीं होती बल्कि इनके जरिए भरोसे की नींव भी मजबूत होती है। यह नींव पेपर लीक, भ्रष्टाचार व नकल गिरोह की कारगुजारियों से कमजोर होने लगे तो न सिर्फ परीक्षा व्यवस्था बल्कि डिग्री की प्रमाणिकता तक पर विश्वास उठते देर नहीं लगती। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इसी माह हुई देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' को विवाद में आने के बाद रद्द कर दिया है। परीक्षा की सीबीआइ जांच के निर्देश भी हो गए हैं। एनटीए ने कहा है कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह फैसला किया गया है। वस्तुतः यह सिर्फ एक परीक्षा ही रद्द नहीं हुई है, उन सपनों को भी गहरी चोट पहुंची है जो लाखों बच्चों के मन में पल रहा था। यह सपना था डॉक्टर बनने का। देश के लाखों बच्चे नीट की तैयारी को युद्ध की तरह लड़ते हैं। सुबह से रात तक किताबों में डूबे रहना, दोस्तों से दूरी, त्योहारों पर खुशियों का त्याग, मानसिक दबाव और लगातार बढ़ती प्रतियोगिता। इन सब के बीच यह पढ़ाई इन बच्चों के जीवन का कठिन दौर होता है। ऐसे में जब परीक्षा में सफलता की उम्मीद लगाए बच्चों को परीक्षा रद्द होने की खबर मिलती है तो उनके भीतर सिर्फ निराशा का भाव ही नहीं बल्कि पूरे सिस्टम के प्रति अविश्वास पैदा होता है। यह तो जांच में सामने आएगा कि आखिर नीट जैसी महत्त्वपूर्ण परीक्षा से पहले ही गेस पेपर में बड़ी संख्या में सवालों के मिलने व परीक्षा रद्द होने के बाद बच्चों को यह मानसिक आघात पहुंचाने के जिम्मेदार कौन हैं? लेकिन इस फैसले के बाद बच्चों और उनके परिवारों के मन मे उठ रहे भावों को मापने का पैमाना शायद किसी एजेंसी के पास नहीं है। कितने ही बच्चों में अवसाद की स्थिति पैदा हो सकती है तो कितनों ही के मन में यह धारणा भी बन सकती है कि ईमानदारी से मेहनत करने का कोई मूल्य नहीं है। इस त्रासदी का दूसरा चेहरा उन अभिभावकों का है जिनके लिए एक परीक्षा केंद्र तक बच्चे को भेजना संघर्ष था। किसी ने खेत गिरवी रखे होंगे, किसी ने उधार लिया होगा, तो किसी ने अपनी जरूरतें कम की होंगी ताकि बच्चा कोचिंग कर सके। गांवों से निकलकर बड़े शहरों तक पहुंचने वाले इन बच्चों के पीछे सिर्फ महत्त्वाकांक्षा नहीं, पूरे परिवार का त्याग होता है। चिंता इस बात की भी है कि परीक्षाओं की पवित्रताओं पर चोट पहुंचाने वाले पारदर्शिता का दावा करने वाले सिस्टम में भी सेंध लगाने से नहीं चूकते। अब समय आ गया है कि परीक्षा प्रणाली में प्रश्न पत्रों की प्रिंटिंग से लेकर ट्रैकिंग तक को तकनीकी निगरानी में लाया जाए। पेपर लीक को देशद्रोह के समकक्ष अपराध मानते हुए त्वरित और कठोर दंड तय करने होंगे। कच्चे मन टूटने की आवाज अदालतों और सरकारी महकमों के दफ्तरों तक भले न पहुंचे, लेकिन उसके परिणाम भयावह होते हैं।

## समाज की हकीकत बयान करते एनसीआरबी के आंकड़े

**राष्ट्रीय** अपराध रेकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े समाज के उस अंधेरे पक्ष को उजागर करने वाले होते हैं, जिनकी अनदेखी के परिणाम समाज को पतन की ओर धकेलने वाले हो सकते हैं। इन आंकड़ों से इसका भी संकेत मिलता है कि शासन-प्रशासन को किन क्षेत्रों पर ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि साल-दर-साल ये आंकड़े यही बताते हैं कि अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा। अपराध के आंकड़े, आम लोगों के लिए हैरान-परेशान करने वाले भी होते हैं, जब उन्हें पता चलता है कि वास्तव में उनके आसपास चल क्या रहा है। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट, जिसमें 2024 में हुए अपराधों के आंकड़े सामने आए हैं, फिर से हमें चिंता में डाल रहे हैं। इनके मुताबिक देश में प्रति 17 मिनट में किसी न किसी की हत्या, हर पांच मिनट में किसी न किसी का अपहरण और हर 18 मिनट में किसी न किसी से बलात्कार हो रहा है। धोखाधड़ी और आर्थिक अपराध तो हर दो मिनट में हो रहे हैं। डिजिटल क्रांति के बाद तो साइबर अपराध की बाढ़ आ गई है और इन्हें नियंत्रित करने के उपाय नाकाफी साबित हो रहे हैं। हैरानी की बात यह भी है कि शांत समझा जाने वाला राजस्थान महिलाओं के खिलाफ अपराध में लगातार छठे साल शीर्ष पर बना हुआ है। बलात्कार के मामले में यह पहले स्थान पर, जबरन गर्भपात में दूसरे और भ्रूण हत्या में तीसरे स्थान पर है। विवाह के लिए महिलाओं के अपहरण के मामलों में भी राजस्थान चौथे नंबर पर है। इस अपराध में बिहार टॉप, यूपी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। बिहार 'पकड़वा विवाह' के लिए भी बदनाम है, जिसमें पुरुषों का अपहरण कर जबरन शादी कर दी जाती है। यदि प्रति लाख आबादी के लिहाज से हत्या की दर का विश्लेषण किया जाए तो झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य टॉप पर हैं और उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा और अपराधों के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाला राज्य 12वें स्थान पर। इस मामले में मध्यप्रदेश छठे और राजस्थान सातवें पायदान पर खड़ा है। हालांकि, इस बात से खुश हुआ जा सकता है कि इन आंकड़ों में 2023 की तुलना में कई तरह के संगीन अपराधों में कमी आई है। कुछ विशेषज्ञ इसकी वजह नई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होना बता रहे हैं, जिसमें संज्ञेय अपराधों की लिस्ट से कई अपराध हटा दिए गए हैं। आत्महत्या के मामलों में मामूली कमी भी संतोषजनक है पर विद्यार्थियों और बेरोजगारों की खुदकुशी के मामले बढ़ता रोजगार संकट, शिक्षा-कॅरियर और भविष्य के प्रति अनिश्चितता के माहौल के विस्तार का संकेत है। विश्लेषण से पता चलता है कि 'स्ट्रीट क्राइम' स्थिर हो रहे हैं, लेकिन 'सॉफ्टवेयर क्राइम' बेकाबू हो रहे हैं। इसका अर्थ यह भी है कि सड़क पर रिस्क लेकर छोटे-मोटे अपराध करने वाले अब इंटरनेट पर 'कमाई' में जुट गए हैं। जाहिर है, पुलिस व्यवस्था को अब डंडे से ज्यादा डिजिटल फॉरेंसिक और डेटा एनालिटिक्स की जरूरत है।

# पेयजल संकट का स्थायी समाधान, प्रभावी वाटर हार्वेस्टिंग

**सरकारों द्वारा वर्षों से वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, विद्यालयों और सार्वजनिक भवनों में वर्षाजल संचयन प्रणाली स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति चिंताजनक है। अधिकांश भवनों में बने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम या तो खराब पड़े हैं या फिर उनका सही उपयोग नहीं हो रहा। कहीं पाइप टूटे हुए हैं, कहीं पाइप जाम हैं, तो कहीं स्टोरेज टैंक इतने छोटे हैं कि उनका कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल पाता।**

**बाबूलाल जाजू**

देश के अनेक हिस्सों में हर वर्ष गर्मी आते ही पेयजल संकट विकराल रूप धारण कर लेता है। कहीं टैंकरों से पानी की सप्लाई हो रही है, तो कहीं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। नदियां, तालाब तथा कुएं सूखते जा रहे हैं। ऐसे समय में यदि किसी एक प्रभावी और स्थायी समाधान की सबसे अधिक आवश्यकता है, तो वह है वाटर हार्वेस्टिंग अर्थात वर्षाजल संचयन।

विडंबना यह है कि जिस देश में हर वर्ष करोड़ों लीटर वर्षा का पानी धरती पर गिरता है, उसी देश में लोग पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि हम वर्षाजल को सहेजने के बजाय उसे नालों और नदियों के माध्यम से व्यर्थ बहने देते हैं। यदि वर्षा के पानी को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित किया जाए, तो देश में गहराते जल संकट को काफी हद तक समाप्त किया जा सकता है।

सरकारों द्वारा वर्षों से वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, विद्यालयों और सार्वजनिक भवनों में वर्षाजल संचयन प्रणाली स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति चिंताजनक है। अधिकांश भवनों में बने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम या तो खराब पड़े हैं या फिर उनका सही उपयोग नहीं हो रहा। कहीं पाइप टूटे हुए हैं, कहीं पाइप जाम हैं, तो कहीं स्टोरेज टैंक इतने छोटे हैं कि उनका कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल पाता। कई स्थानों पर सिस्टम केवल दिखावे के लिए बने हुए हैं। यदि गंभीरता से निरीक्षण किया जाए, तो यह स्पष्ट होगा कि लगभग 90 प्रतिशत वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं। इससे करोड़ों लीटर वर्षाजल हर वर्ष व्यर्थ बह जाता है। यह केवल सरकारी भवनों तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि निजी भवनों, होटल, रिसॉर्ट, विवाह स्थल और बड़े आवासीय परिसरों में भी स्थिति कम चिंताजनक नहीं है।

नियमों के अनुसार एक निश्चित क्षेत्रफल से बड़े भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है, लेकिन अधिकांश लोग इसकी पालना नहीं करते। नगर निगम और नगर परिषद भवन निर्माण की अनुमति देते समय सुरक्षा राशि जमा करवाते हैं और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनने पर राशि वापस करने का प्रावधान भी रखते हैं, फिर भी बड़ी संख्या में भवन मालिक इस व्यवस्था को नजरअंदाज कर देते हैं। परिणामस्वरूप छतों पर गिरने वाला लाखों लीटर पानी सीधे नालियों में बह जाता है। यदि हर भवन में प्रभावी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाए और बड़े भूमिगत टैंक अथवा रिचार्ज पिट बनाए जाएं, तो भू-जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार संभव है। वर्षाजल को जमीन में पहुंचाने से सूखते बोरवेल पुनर्जीवित हो सकते हैं और आने वाले वर्षों में पेयजल संकट काफी हद तक कम हो सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि वाटर हार्वेस्टिंग को केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जनआंदोलन बनाया जाए। प्रदेश और देश में लाखों विद्यालय, सरकारी कार्यालय, अस्पताल और सार्वजनिक भवन हैं। वर्षा ऋतु से पहले इन सभी भवनों की तकनीकी जांच अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। जहां सिस्टम खराब हैं, वहां मरम्मत हो। केवल कागजों में योजनाएं दिखाकर जल संकट समाप्त नहीं किया जा सकता। सरकार को इस दिशा में सख्त कदम उठाने होंगे। जिन भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है या जो कार्य नहीं कर रहे, वहां जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो। नगर निकायों को केवल अनुमति देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समय-समय पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वर्षाजल संचयन व्यवस्था वास्तव में काम कर रही है।

# ईंधन संकट के दौर में सौर क्रांति से बदलती तस्वीर

**हमारा देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता है, जो अपनी जरूरत का 80 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। वर्ष 2024-25 में भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 137 अरब डॉलर था। इसमें से भी सर्वाधिक तेल होर्मुज के रास्ते से ही देश में आता है। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ती ऊर्जा अनिश्चितताओं के बीच देश ने अपने कच्चे तेल के आयात स्त्रोतों में भी विविधता लाते हुए निर्भरता को 27 देशों से बढ़ाकर 41 देशों तक पहुंचाया है।**

**राजेंद्र राठौड़**

आज दुनिया जिस दौर से गुजर रही है, उसमें ऊर्जा केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता का आधार बन चुकी है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो या पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, हर वैश्विक संकट ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन देशों की ऊर्जा जरूरतें आयातित तेल और गैस पर निर्भर हैं, वे किसी भी अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के सामने आर्थिक दबाव में आ जाते हैं। भारत भी अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल और गैस के रूप में विदेश से खरीदता है। परिणामस्वरूप जैसे ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो उसका सीमा असर देश की अर्थव्यवस्था, रुपए की स्थिति, महंगाई और आम आदमी की जेब पर पड़ता है।

हमारा देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता है, जो अपनी जरूरत का 80 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। वर्ष 2024-25 में भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 137 अरब डॉलर था। इसमें से भी सर्वाधिक तेल होर्मुज के रास्ते से ही देश में आता है। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ती ऊर्जा अनिश्चितताओं के बीच देश ने अपने कच्चे तेल के आयात स्त्रोतों में भी विविधता लाते हुए निर्भरता को 27 देशों से बढ़ाकर 41 देशों तक पहुंचाया है। केंद्र सरकार ने रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं जिसके परिणामस्वरूप घरेलू उत्पादन 36 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन से बढ़कर 54 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन तक पहुंच गया। लेकिन यह केवल तात्कालिक समाधान है। स्थायी समाधान तो तभी संभव है जब देश महंगे जीवाश्म ईंधन से धीरे-धीरे मुक्त होकर स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़े। वैश्विक युद्ध और ऊर्जा संकट के इस दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही देशवासियों से पेट्रोल-डीजल, गैस और अन्य पेट्रो उत्पादों का उपयोग केवल आवश्यकता के अनुसार करने, मेट्रो और रेलवे जैसी सार्वजनिक सुविधाओं को अपनाने, कार पूलिंग बढ़ाने, खाने में तेल का कम इस्तेमाल करने जैसी अपील की है, क्योंकि ऊर्जा और विदेशी मुद्रा की बचत ही देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी। हालांकि वैश्विक संकट के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत गति से आगे बढ़ रही है और वर्ष 2026-27 में लगभग 7 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान है लेकिन इस विकास को लंबे समय तक स्थिर रखना है तो ऊर्जा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़े और ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

आज देश ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। 31 मार्च 2026 तक देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 150 गीगावाट तक पहुंच चुकी है, जबकि वर्ष 2014 में यह मात्र 2.82 गीगावाट थी। यानी केवल बारह वर्षों में 53 गुना वृद्धि। यह केवल आंकड़ा नहीं बल्कि भारत की बदलती ऊर्जा सोच का प्रतीक है। भारत ने जून 2025 में ही वह लक्ष्य प्राप्त कर लिया, जिसे पेरिस समझौते के तहत वर्ष 2030 तक हासिल करना था। देश की कुल स्थापित विद्युत क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा अब गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से आ रहा है। 'नवीकरणीय ऊर्जा सांख्यिकी 2026' के अनुसार भारत अब स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में ब्राजील को पीछे छोड़कर विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। यह भारत की आर्थिक स्वतंत्रता और रणनीतिक मजबूती का भी संकेत है। इस परिवर्तन में राजस्थान की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण है। राजस्थान अब 'ऊर्जा प्रदेश' के रूप में भी पहचाना जा रहा है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के 31 मार्च 2026 तक जारी आंकड़ों के अनुसार राजस्थान की कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता लगभग 47,020 मेगावाट तक पहुंच चुकी है तथा सौर ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियां इस दिशा में उसे प्राकृतिक बढ़त प्रदान करती हैं। यहां वर्षभर प्रचुर मात्रा में सूर्य का प्रकाश उपलब्ध रहता है, भूमि का विशाल विस्तार है और सौर विकिरण का स्तर देश में सबसे अधिक है। राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों, नए सोलर पार्कों और ट्रांसमिशन परियोजनाओं ने इस विकास को और गति दी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज राजस्थान ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई गाथा लिख रहा है। पीएम-कुसुम योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इस योजना के तहत प्रदेश में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों की कुल क्षमता 4 हजार मेगावाट तक पहुंच चुकी है। रूफटॉप सोलर के क्षेत्र में भी राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में घरेलू, अघरेलू तथा औद्योगिक श्रेणी में कुल 2,45,317 रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा चुके हैं। कुल रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है, जिसकी कुल क्षमता 2090 मेगावाट है। पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक 1 लाख 77 हजार 468 रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। यह परिवर्तन केवल शहरों तक सीमित नहीं है। गांवों में भी अब घर-घर सौर ऊर्जा पहुंच रही है।

इस उज्ज्वल तस्वीर के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी हैं। राजस्थान आज जितनी सौर ऊर्जा पैदा कर रहा है, उतनी बिजली को प्रभावी ढंग से उपयोग और वितरण करने के लिए आवश्यक ट्रांसमिशन ढांचा पर्याप्त नहीं है। इसे 'सोलर कर्टेलमेंट' कहा जाता है। इसके पीछे ग्रिड क्षमता की कमी, स्टोरेज सिस्टम का अभाव, डिस्कॉम स्तर पर कमजोर लोड मैनेजमेंट और मांग-सप्लाई असंतुलन है। इसलिए केवल बिजली पैदा करना पर्याप्त नहीं, उसे संग्रहित और वितरित करना भी जरूरी है। बड़े पैमाने पर बैटरी स्टोरेज और आधुनिक ट्रांसमिशन ग्रिड का विस्तार आवश्यक है। परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने से तेल आयात पर निर्भरता घट सकती है। भारत के सामने ऐतिहासिक अवसर है। दुनिया जिस समय ऊर्जा संकट, महंगे ईंधन और जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है, ऐसे समय में भारत सूर्य की शक्ति को अपनी सबसे बड़ी ताकत बना सकता है। ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के बराबर महत्त्व देना आवश्यक है।

# सेवा से बढकर कोई साधना नहीं

**राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज जी**

**चिंतन-मनन**

एक बहुत ही प्रचलित कहावत हैं कि करो सेवा तो मिले मेवा । ज्ञानी महात्माओं ने भी अपनी शिक्षाओं द्वारा यही संदेश लोगों को दिया हैं कि सबसे मीठा फल यदि कोई है तो वह है सेवा का फल । गौर से यदि सोचा जाए तो सचमुच ही यह प्रतीत होता है कि सेवा में ही जीवन की सच्ची सफलता समाई हुई है। सेवा एक प्रकार की साधना और तपस्या है एवं दूसरों का आशीर्वाद लेने का सर्वोत्तम उपाय भी है और आंतरिक खुशी का एक बहुत बड़ा स्त्रोत भी है। त्याग और सेवा दोनों सहोदर हैं। सच्चा त्याग दूसरों की सेवा और उनके कल्याणार्थ ही तो किया जाता है, तभी तो कहते हैं कि सेवाभाव से रहित मनुष्य बड़ा स्वार्थी होता है। वर्तमान 21वीं सदी में जी रहे मनुष्यों को सेवा यह शब्द बड़ा अजीब सा व ओल्ड फेशन सा लगता है, तभी तो वह यह प्रश्न बार-बार करते हैं कि आखिर सेवा का मतलब क्या है? सरल भाषा में यदि समझा जाए तो, उदारता, सर्व हितकारी भावना, अपकारी पर भी उपकार की चेष्टा और दान-वृत्ति के बिना सच्ची सेवा का होना असंभव है। अतः सेवा करने वाले को अभिमान त्याग कर निंदा और स्तुति से ऊपर उठ बहुत सहन करना पड़ता है एवं स्वयं को निमित्त मानकर नम्र बनना पड़ता है।

जो सेवा करता है, उसे किसी से भी कुछ लेने की आकांक्षा कभी नहीं रहती, अपितु उसमें तो दूसरों को देने का ही भाव बना रहता है। यदि कोई उसे दाता भी मानने लगता है तो उसके नेत्र या तो लज्जा से उस प्रशंसा के बोझ से झुक जाते हैं या उसके हाथ और चक्षु ऊपर प्रभु की ओर इशारा करते हैं, ताकि उसे अपने सेवा के कर्म का अभिमान न हो और उसके भीतर सदा निमित्त भाव बना रहे। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां हर कोई सिर्फ अपने लिए सोच रहा है, वहां निस्वार्थ सेवा करने वाला व्यक्ति किसी चमत्कार से कम नहीं होता। सेवा केवल संस्था या किसी संगठन से जुडकर ही की जाए, यह आवश्यक नहीं है। घर में बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करना, रास्ते में जरूरतमंद की मदद करना या किसी दुखी मन को ढांढस बंधाना, ये सब भी सेवा के ही रूप हैं। जब सेवा जीवन का स्वभाव बन जाती है, तब व्यक्ति के विचार, व्यवहार और दृष्टिकोण में अद्भुत परिवर्तन आ जाता है। वह केवल लेने वाला नहीं, बल्कि देने वाला बन जाता है। जिसका जीवन सार्वजनिक और सेवामय होता है, उसमें गुणों का विकास होता है, क्योंकि हमारे भीतर कई गुण तो ऐसे हैं जो सेवा कार्य के बिना अंकुरित ही नहीं होते।

## आपके पत्र

### नीट पेपर लीक : शिक्षा व्यवस्था पर कलंक

भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल एक परीक्षा नहीं होतीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के भविष्य, परिवारों की उम्मीदों और वर्षों की मेहनत का परिणाम होती हैं। मेडिकल जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में प्रवेश पाने के लिए छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं। कई छात्र गांवों की कठिन परिस्थितियों से निकलकर, आर्थिक अभाव झेलकर और मानसिक दबाव सहकर परीक्षा की तैयारी करते हैं।

ऐसे में जब नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में पेपर लीक, सॉल्वर गैंग और करोड़ों की डील का खुलासा होता है, तो यह केवल एक परीक्षा घोटाला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न बन जाता है। भारत पहले भी कई बड़े पेपर लीक घोटाले देख चुका है। इससे युवाओं का भरोसा कमजोर हुआ है। इस मामले में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

**अनीता सिंह, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# शहरी क्षेत्रों में घरेलू बागवानी को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कि जाए : डीसी

## छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता देकर योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश



संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में कृषि एवं उद्यान विभागान्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी आत्मा के पदाधिकारी बीटीएम एटीएम, विभिन्न प्रखंडों के प्रभारी पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, लाभुक चयन प्रक्रिया, उर्वरक उपयोग, बीज वितरण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, किसान क्रेडिट कार्ड, मिलेट मिशन, डिजिटल क्रॉप सर्वे सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।उपायुक्त ने जिले में उर्वरकों विशेषकर यूरिया के अत्यधिक उपयोग पर गंभीरता व्यक्त करते हुए कहा कि संतुलित एवं अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग को लेकर किसानों को लगातार जागरूक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि आईएफएमएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों का नियमित विश्लेषण करते हुए जिले एवं प्रखंडवार उर्वरक उपयोग की निगरानी की जाए। साथ ही कालाबाजारी, अवैध भंडारण एवं उर्वरक डायवर्जन की आशंका वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि एटीएम एवं बीटीएम फील्ड स्तर पर विभाग की के सूचना तंत्र के रूप में कार्य करें तथा उर्वरक दुकानों की नियमित जांच, लाभुक सूची का सत्यापन एवं कालाबाजारी जैसे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं। उपायुक्त ने एसडीओ सीओ एवं संबंधित अधिकारियों के समन्वय से उर्वरक कालाबाजारी के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने तथा आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए।बैठक में बिरसा फसल विस्तार योजना के अंतर्गत मूंग एवं मक्का बीज वितरण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निःशुल्क बीज एवं अन्य कृषि इनपुट का लाभ प्राथमिकता के आधार पर छोटे एवं सीमांत किसानों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से पीभीटीजी समुदाय के कृषकों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि वास्तविक एवं जरूरतमंद किसानों का चयन सुनिश्चित किया जाए ताकि योजनाओं का अधिकतम लाभ समाज के कमजोर वर्गों को मिल सके।मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने मृदा जांच रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्रवार कृषि रणनीति तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में मिट्टी में अम्लीयता की समस्या है वहां किसानों को डोलोमाइट एवं जैविक खाद के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही मृदा परीक्षण के आधार पर किसानों को आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जाए ताकि उर्वरकों का वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित हो सके।बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सिंचाई संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा अधिकाधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए। किसान समृद्धि योजना के तहत सोलर सिंचाई पंप वितरण में भी पात्र एवं जरूरतमंद किसानों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया।
उपायुक्त ने मिलेट मिशन की समीक्षा करते हुए मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया तथा रागी, ज्वार एवं बाजरा की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रोत्साहन राशि समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।उद्यान विभागान्तर्गत संचालित अर्बन फार्मिंग एवं रूफटॉप गार्डनिंग योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में घरेलू बागवानी को बढ़ावा देने हेतु योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित लाभुकों को समय पर सामग्री एवं उपकरण उपलब्ध कराए जाएं तथा योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभुकों तक पहुंचे। ह्लसाथ ही बरबटी, अदरक, ओल आदि सब्जियों के उत्पादन को बृहद पैमाने पर करने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। जबकि अंत में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए फील्ड स्तर पर सतत निगरानी एवं समीक्षा की जाए।

न्यूज IN ब्रीफ

## आर्म्स एक्ट के आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना पुलिस ने कांड संख्या 49/23, दिनांक 27 मई 2023 धारा 147/148/ 149/302 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त सह वारंटी अनिल यादव को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी अनिल यादव, उम्र करीब 50 वर्ष, पिता स्वर्गीय रामसकल यादव, पूरब टोला मंदिर के पास महादेवगंज, थाना मुफस्सिल, जिला साहिबगंज का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उचित मार्गरक्षी दल के साथ न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## मेहनत अनुशासन और परिवार के श्रेष्ठ संस्कारों का उत्कृष्ट उदाहरण है



साहिबगंजःमारवाड़ी समाज के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है कि महाजन पट्टी निवासी विकास पोद्दार पुत्र- स्वर्गीय संतोष पोद्दार की सुपुत्री कुमारी आराध्या पोद्दार ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।वर्तमान में दिल्ली में निवासरत आराध्या केंद्रीय विद्यालय, आर.के. पुरम की छात्रा हैं। अपने विद्यालय की टॉपर बनी हैं।उनके पिता विकास पोद्दार गृह मंत्रालय में उपनिदेशक पद पर दिल्ली में कार्यरत हैं।आराध्या की यह उपलब्धि उनकी मेहनत अनुशासन और परिवार के श्रेष्ठ संस्कारों का उत्कृष्ट उदाहरण है।उनकी सफलता ने न केवल परिवार,बल्कि पूरे साहिबगंज व मारवाड़ी समाज को गौरवान्वित किया है।कुमारी आराध्या एवं पूरे पोद्दार परिवार को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलमय शुभकामनाएँ।

## यह सफलता उसके परिश्रम अनुशासन और गुरुओं के मार्गदर्शन का प्रतिफल है : बजरंगी



साहिबगंजःकेंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा के परिणाम आज घोषित हुए।भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव के सुपुत्र यशराज यादव ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ।जिससे भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव सहित पूरा परिवार खुश है।यह सफलता उसके परिश्रम अनुशासन और गुरुओं के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। ईश्वर से उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।साथ ही इस महत्वपूर्ण परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।आपने अपनी मेहनत और लगन से सफलता का नया अध्याय लिखा है।जिन विद्यार्थियों का परिणाम उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आया है,वे निराश न हों।जीवन में सफलता का मार्ग केवल एक परीक्षा तय नहीं करती,बल्कि निरंतर प्रयास आत्मविश्वास और धैर्य ही व्यक्ति को आगे बढ़ाते हैं।यह समय स्वयं को और बेहतर बनाने का अवसर है।

## व्यवस्था की वजह से संगठन की हालत संतोषजनक नहीं है : शाहिद



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड के मोहनपुर मे तरुण मंडल के आवास परिसर में झारखंड मजदूर संघ जिला कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में प्रखंड कमेटी पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित हुई।इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।बैठक मे झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक प्रखंड उधवा कमिटी की समीक्षा मे पाया कि प्रखंड अध्यक्ष निजी कामों में व्यवस्था की वजह से संगठन की हालत संतोषजनक नहीं है।बैठक में निर्णय लिया गया कि उधवा कमिटी को भंग करते हुए नई कमिटी का गठन किया गया है।वही केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने 15 सदस्य एवं पदाधिकारी की जारी किया।जिसमे प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद निजामुद्दीन,प्रखंड महामंत्री अब्दुल जमाल राकेश महतो,मोहन मंडल,बिस्वाजीत मंडल,मिथुन घोष,तेजबूल हक,मोजाफर शेख,तरुण मंडल,जियल हक मो बदरुद्दीन शेख,अब्दुस समद,सोमय मुर्मूमहेश मुर्मू को बनाया।बैठक मे संगठन के कई लोग मौजूद थे।

## ऑनलाइन दवा कारोबार से छोटे स्तर के मेडिकल दुकानदार को काफी परेशानी हो रही हैं : अनूप सिंह

साहिबगंजःदेश में ई फामेर्सी के बढ़ते दायरे को देखते हुए ऑल इंडिया आगेर्नाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने चिंता जताई और ऑनलाइन इस दवा कारोबार के खिलाफ खुलकर हल्ला बोला हैं।इसको लेकर साहिबगंज केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार को इस पर रोक लगाने की मांग की हैं।उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवा कारोबार से छोटे स्तर के मेडिकल दुकानदार को काफी परेशानी हो रही हैं. जिसके विरोध में सभी मेडिकल दुकानदार 15 से 19 मई तक काला बिल्ला लगा कर काम करेंगे।इसके बाद यदि सरकार नहीं मानी तो पुरे देश में 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद के तहत सभी दुकानों पर ताले लटके रहेंगे.और जो भी परिस्थितियां पैदा होंगी।उसके लिए सरकार जिम्मेवार होंगे।जिलाध्यक्ष ने ऑनलाइन मिलने वाले दवाओं पर 30-40प्रतिशत छूट मिलने पर भी सवाल उठाये.और इसकी उच्च स्तरीय जाँच की भी मांग की गई।इस मोके पर जिलाध्यक्ष अनूप सिंह,कृष्णा कुमार भगत,नवल किशोर मंडल,महेश अग्रवाल,रंजीत कुमार,हरेंद्र साव हासिम परवेज,मुस्ताक अहमद,अश्वनी भगत,तैयव हुसैन,वसीम अहमद,मो वसीम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# पूर्ण ईमानदारी समय का उपयोग कठिन परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है : अमन आयुष्कर



संवाददाता

**साहिबगंज :** कौशल्या ज्योति ट्रस्ट और श्री परशुराम अखाड़ा के सौजन्य से स्थानीय एनआरपी सेंटर विद्यालय के सभागार में भारतीय वन सेवा में सफलता प्राप्त करने वाले अमन आयुष्कर का सम्मान कार्यक्रम हुआ।इस अवसर पर भारतीय वन सेवा में 27 में स्थान प्राप्त करने वाले अमन को अंग वस्त्र मोमेंटो भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया।उपस्थित बच्चों और अतिथियों को संबोधित करते हुए अमन ने बताया कि बीटेक करने के उपरांत उसने गलवान घाटी में भारतीय सेना के साथ बहुत काम किया उसके कर्तव्यनिष्ट कार्य के लिए गैलंट्री पुरस्कार भी मिला।लेकिन उसके मन में सदैव इच्छा थी कि वह समाज के साथ मिलकर काम करें।पर्यावरण वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है। इसलिए इस क्षेत्र में काम करने का अपार अवसर है। उसने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी ईमानदारी निष्ठा समय का उपयोग करना सफलता का मूल मंत्र है।अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान समय का भरपूर उपयोग मोबाइल से दूरी ही आपको सफलता दिला सकता है।अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अमन के इस सफलता पर कहा कि यह शहर आज गौरवान्वित महसूस कर रहा है।प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती सफलता उसे ही मिलती है जो संघर्ष करता है।मंच का संचालन कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अंकित कुमार ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी,मनोज कुमार झा, एनके झा जगनम्य मिश्रा,परशुराम अखाड़ा के प्रमुख राजीव ओझा,वीर कुंवर सिंह मंच के अध्यक्ष प्रदीप सिंह,रमेश कुमार,सामाजिक कार्यकर्ता अंकित पांडे राजीव रंजन रोहित कुमार केशव कुमार उपस्थित थे।

## मेहनत अनुशासन और आत्मविश्वास से परीक्षा में सफलता प्राप्त की : अमन

संवाददाता

**साहिबगंज :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति द्वारा साहीबगंज के उस प्रतिभाशाली युवक अमन आयुष्मान को सम्मानित किया गया।जिसने आईएस एस परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 27वीं रैंक प्राप्त कर जिले एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है।इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष रुचि भरतिया ने उन्हें पौधा भेंट कर सम्मानित किया,वहीं वर्तमान खुशबू भगत ने गिफ्ट देकर उनका अभिनंदन किया।सचिव नीलम शर्मा ने उनकी माता जी सुधा तिवारी को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा चिरानिया ने किया।अध्यक्ष रुचि भरतिया ने कहा कि छात्र की कठिन मेहनत,समर्पण और निरंतर प्रयास ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे साहिबगंज को गर्व महसूस कराया है।वहीं वीणा दिवान और किरण दिवान ने कहा कि युवाओं को इस उपलब्धि से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करना चाहिए।सम्मानित अमन आयुष्मान ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने किस प्रकार निरंतर मेहनत अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर इस कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त की।उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने छात्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।मौके पर रुचि भरतिया,नीलम शर्मा, श्यामलता केजरीवाल,प्रतिमा चिरानिया, किरण दिवान, लीला पोद्दार,वीणा दिवान चंदा शर्मा,खुशबू भगत, प्रीति चौधरी, र चना अग्रवाल सीमा मुरारका, सरोज केजरीवाल,श्रद्धा चौधरी,आदि मौजूद थे।

## आज स्वच्छता पोषण स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता संदेश

**साहिबगंज :** आज जिले के विभिन्न स्वास्थ्य उपकेंद्रों आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस सत्र का सफल आयोजन किया जाएगा सत्र के दौरान गर्भवती महिलाओं धात्री माताओं व बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी ।कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एडएनङ्क्सी जांच, टीकाकरण बच्चों का नियमित टीकाकरण, वजन मापन पोषण संबंधी परामर्श एवं परिवार नियोजन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही लाभार्थियों को स्वच्छता पोषण स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता संदेश भी दिया जाएगा।

## मारपीट व मोबाइल छिनतई मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत साक्षरता मोड़ के निकट मारपीट कर मोबाइल छीनने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में रामचंदर मंडल द्वारा जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन देकर निरंजन यादव मोदी यादव, वकील यादव एवं राज किशोर यादव पर मारपीट वं मोबाइल छीनने का आरोप लगाया गया था। मामले में जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 80/26 दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। इसी क्रम में पुलिस ने छापामारी कर आरोपी वकील यादव को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

# किसी समुदाय को संवैधानिक अधिकार से वंचित रखना दुर्भाग्यपूर्ण : मिस्फिका

## आंदोलन को मिला राजनीतिक समर्थन पूर्व विधायक और भाजपा नेत्री धरना स्थल पहुंच दिया समर्थन



**साहिबगंज/बरहरवा :** शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जारी अनिश्चितकालीन महाधरना बुधवार को दसवें दिन भी जारी रहा।आंदोलन के दसवें दिन धरनास्थल पर राजनीतिक समर्थन भी देखने को मिला।पाकुड़ के पूर्व विधायक एवं एआईएमआईएम नेता अकिल अख्तर और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फिका हसन धरनास्थल पहुंचीं और आंदोलन को अपना समर्थन दिया।धरनास्थल पहुंचने पर आंदोलनकारियों ने दोनों नेताओं का स्वागत किया।इस दौरान दोनों नेताओं ने आंदोलनकारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी मांगों को जायज बताया।पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने कहा कि शेरशाहबादी समुदाय वर्षों से अपने अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है।लेकिन सरकार और प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मैं जब विधायक था,तब मेरे कार्यकाल के अंतिम दिनों में यह प्रमाण पत्र मिलना बंद हो गया।शेरशाहबादी समाज के जाति प्रमाण पत्र के मुद्दे को विधानसभा से लेकर प्रशासनिक स्तर तक लगातार उठाता रहा।यह सिर्फ एक कागज का मामला नहीं, बल्कि हजारों छात्र-युवाओं के भविष्य,अधिकार और पहचान का सवाल है।दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी समाज को अपने संवैधानिक अधिकार के लिए धरना देना पड़ रहा है।मैं पहले भी इस लड़ाई में समाज के साथ था और आज भी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ा हूं।जो भी मदद हो अपनी ओर से करेंगें। जब तक शेरशाहबादी समाज को न्याय नहीं मिलेगा,हमारा संघर्ष जारी रहेगा। प्रशासन ये मुगालते में न रहे कि हम चुप बैठेंगे,जरूरत पड़े तो घरों से महिलाएं भी निकलेंगी और क्षेत्र के तमाम लोग मिलकर पूरे क्षेत्र का चक्का जाम कर देंगें।आज ये आंदोलन बरहरवा में चल रहा है अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो उधवा राजमहल साहिबगंज पाकुड़ में भी लोग सड़क पर उतरेंगे और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन को लेनी होगी।वहीं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फिका हसन ने कहा कि किसी भी समुदाय को उसके संवैधानिक अधिकार से वंचित रखना दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा कि शेरशाहबादी समाज के छात्र-युवा शिक्षा और रोजगार में आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहे हैं, जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की अपील की।धरना स्थल पर आज भी बड़ी संख्या में छात्र,युवा और बुजुर्ग मौजूद रहे।आंदोलनकारियों ने कहा कि दस दिनों से लगातार शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे समुदाय के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने कहा कि आंदोलन अब केवल बरहरवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने को लेकर ठोस आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर मुखिया मो. इश्तियाक,मो.अजमईल,तोफाइल शेख मो.नवाज महबूब आलम,सोलेमान शेख, वसीम अकरम, महमूद आलम, मो.मोसब्बर, सरफराज अहमद, जहीर शेख इम्तियाज आलम सहित समाज के कई गणमान्य लोग,छात्र-युवा एवं सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

# अनुष्का शर्मा ने किया कमबैक, नया लुक देखकर कंफ्यूज हो गए फैंस... ये सच में अनुष्का हैं ?



**बॉलीवुड** का जाना-माना नाम अनुष्का शर्मा काफी दिनों से ग्लैमर की दुनियां से दूर हैं। शाहरुख खान के साथ जीरो मूवी में उन्हें आखिरी बार देखा गया था। 2017 में जब से अनुष्का ने विराट से शादी की है, तब से ही उन्होंने फिल्मों से दूरी बना ली हैं। इसके बाद से अनुष्का ने अपनी फैमिली पर ध्यान देना शुरू कर दिया था।

अब हाल में ही अनुष्का को फिर से एक ज्वैलरी ब्रांड के एड में देखा गया। इसके बाद से ही हर जगह उनके कमबैक के चर्चे शुरू हो गए हैं। काफी दिनों बाद उनका बदला हुआ चेहरा देखकर फैंस काफी परेशान हो रहे हैं। कुछ फैंस ने उन्हें पहचानने से इंकार कर दिया है। कुछ लोगों ने लिखा है, ''अनुष्का को पहली नजर में देखना बहुत मुश्किल हो रहा है।

उनके इस एड में अनुष्का पहले से काफी अलग दिखाई दे रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि शायद उन्होंने कोई सर्जरी करवाई है। वहीं दूसरी तरफ लोग उनके इस कमबैक को देखकर काफी खुश हैं। एक फैन ने उन्हें कमेंट किया है , 'मजा आ गया एड देखकर, अब जल्द फिल्मों में आ जाओ.'

**अनुष्का शर्मा वर्कफ्रंट :** उनके काम की बात की जाए तो अनुष्का फिलहाल तो फिल्मों से दूर हैं लेकिन उनकी एक फिल्म आने वाली है 'चकदा एक्सप्रेस'। हालांकि 2022 में इस मूवी की शूटिंग खत्म हो गई लेकिन अभी इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

# क्या सच में एंटी-एजिंग इंजेक्शन से गई थी ,कांटा लगा गर्ल, शेफाली जरीवाला की जान, पति ने खोला राज

**टीवी** इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला जिन्हें लोग 'कांटा लगा गर्ल' के नाम से भी जानते थे, उनका 42 साल की उम्र में अचानक निधन हो गया था। उनकी मौत 27 जून 2025 को हुई थी, जिसने फिल्म और टीवी इंडस्ट्री के साथ-साथ फैंस को भी गहरा सदमा दिया। शुरूआती रिपोर्ट्स में उनकी मौत को लेकर कई तरह की बातें सामने आईं। कुछ अफवाहों में दावा किया गया कि उन्होंने भूखे पेट ब्यूटी या एंटी-एजिंग इंजेक्शन लिया था, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। लेकिन अब एक साल बाद इन दावों को लेकर अब उनके पति पराग त्यागी ने खुलकर अपनी बात रखी। पराग त्यागी का बयानः पराग त्यागी ने एक इंटरव्यू में कहा कि शेफाली अपनी सेहत को लेकर काफी सजग थीं और फिटनेस पर ध्यान देती थीं। उन्होंने कहा कि भूखे रहने या किसी ब्यूटी इंजेक्शन की वजह से मौत जैसी बातें पूरी तरह गलत हैं। पराग ने यह भी कहा कि ऐसी अफवाहें फैलाना सही नहीं है और लोगों को बिना पुष्टि के खबरों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उनके मुताबिक शेफाली अपने जीवन के उस दौर में भी फिट और एक्टिव थीं।




**कार्डियक अरेस्ट से हुई मौत की बातः** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शेफाली को अचानक कार्डियक अरेस्ट आया था, जो उनकी मौत की मुख्य वजह माना गया। उन्हें पहले से एपिलेप्सी (मिर्गी) की समस्या भी रही थी, जिसका खुलासा उन्होंने अपने पुराने इंटरव्यू में किया था। पराग त्यागी ने यह भी बताया कि इस मुश्किल समय में उनका पालतू कुत्ता सिम्बा उनके लिए इमोशनल सपोर्ट बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पालतू जानवर की मौजूदगी मानसिक रूप से काफी मदद करती है। उन्होंने अंत में लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाहों को आगे न बढ़ाएं और परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करें।



# मुंबई में रॉयल लाइफ जीती हैं मौनी राय आलीशान बंगला और करोड़ों की है मालकिन

**नागिन** से अपनी पहचान बनाने वाली मौनी रॉय फिलहाल अपनी मैरिड लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में चल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुतबिक उनके और उनके पति के बीच दरार आ गईं और शायद वो अलग हो सकती हैं। बात सिर्फ यही खत्म नहीं हुईं दोनों ने अपने अकाउंट से शादी की सारी फोटोज डिलीट कर दी हैं और साथ में दोनों को अनफॉलो भी कर दिया है। सुर्खियों में आने के बाद से हर कोई उनकी नेटवर्थ को जानने के लिए बहुत उत्सुक है, तो चलिए जानते हैं- बता दें मौनी रॉय को बहुत ही रॉयल लाइफ जीना पसंद है। रिपोर्ट्स के अनुसार मौनी के पास मुंबई में बहुत बड़ा आलीशान घर है, जिसमें वो रानियों की तरह राज करती हैं। उनके घर की बालकनी भी बहुत शानदार है। इस घर की कीमत कम से कम 25 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

**मौनी रॉय का कार कलेक्शनः** कार के साथ-साथ मौनी रॉय को गाड़ियों का भी बहुत शौंक हैं। आपको बता दें की उनके पास मर्सिडीज जीएलएस 350डी है जिसकी कीमत 88.18 लाख के आसपास है। साथ ही मौनी के पास 70 लाख की मर्सिडीज बेंज भी हैं। इन गाड़ियों को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है, उन्हें कार्स का कितना शौंक हैं।

**1 करोड़ रुपये है मौनी की फीस :** वहीं अगर इनके करियर की बात की जाए तो मौनी ने पहले टीवी इंडस्ट्री में नागिन सीरियल से अपनी पहचान बनाई और अब वो बॉलीवुड में राज कर रही हैं। खबरों और रिपोर्ट्स के मुताबिक मौनी एक फिल्म के लिए कम से कम 1 करोड़ लेती हैं। मूवीज के साथ-साथ मौनी की एड फीस भी काफी हाई है। वो एक एड के लिए लाखों रुपये लेती हैं।

# राजकुमारी बनकर कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में पहुंची आलिया, रेड कारपेट पर ड्रीमी लुक ने जीता हर किसी का दिल

## कान फिल्म फेस्टिवल का क्रेज थमने का नाम ही नहीं ले रहा। बड़ी-बड़ी हस्तियां इस इवेंट में शिरकत कर रही हैं



**फिलहाल** तो कान फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड की अभिनेत्री आलिया भट्ट का जादू छाया हुआ है। एक के बाद उनका हर लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कभी डिज्नी की प्रिंसेस तो कभी संस्कारी बहू बनकर कपूर खानदान की बहू आलिया सबका दिल जीत रही हैं।

हाल ही में आलिया भट्ट ने साड़ी की लुक में धोती पहनकर पवेलियन पहुंची। इस भारतीय लुक के साथ उन्होंने सबका दिल जीत लिया। अब हाल ही में उनका चौथा लुक सबके सामने आया है।

आलिया भट्ट ने अपने चौथे लुक में कस्टम ब्लू गाउन पहनी हुई थी, उनकी इस ड्रेस में हनीकॉम्ब लेस और शैंटिली लेस की कई लेयर्स हैं।

लेस कॉलर और घेरदार स्कर्ट वाली इस खूबसूरत ड्रेस ने आलिया भट्ट के लुक को बेहद ग्लैमरस बना दिया।

आलिया भट्ट का जादू थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलिया भट्ट के पहले लुक में उन्होंने मल्टीकलर गाउन पहनकर फैन्स को इंप्रेस किया। इसी के साथ उनका पीची लुक भी काफी चर्चा में हैं। अब उनका यह नया प्रिंसेस जैसा अवतार भी सोशल मीडिया पर जमकर तारीफें बटोर रहा है।

# एक्शन फिल्मों के दौर में आखरी सवाल लाएगी नया बदलावः निखिल नंदा




**'आखरी सवाल'** के टीजर और हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिली है, जिससे फिल्म की बोल्ड, ग्रिपिंग और दमदार कहानी को लेकर काफी चर्चा बनी हुई है। संजय दत्त स्टारर यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

संजय दत्त स्टारर आखिरी सवाल ने अपनी बोल्ड, दमदार और सोचने पर मजबूर कर देने वाली कहानी की वजह से दर्शकों के बीच जबरदस्त चर्चा बना ली है। फिल्म के टीजर और ट्रेलर को शानदार रिस्पॉन्स मिला, जिससे इसकी रिलीज को लेकर लोगों का उत्साह और बढ़ गया है।

इसी बीच निर्माता निखिल नंदा ने हाल ही में एक्शन थ्रिलर फिल्मों के दौर में इतनी गंभीर फिल्म रिलीज करने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज के दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं, और आखिरी सवाल उन्हें वही देने वाली है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित कहानी और मजबूत तथ्यों पर आधारित है, जो लोगों के बीच अपनी राय रखने और चर्चा करने का मौका देगी। आखिरी सवाल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सोचने पर मजबूर करने वाली फिल्म है।

निर्माता निखिल नंदा ने कहा, मेरे हिसाब से आज की ऑडियंस बहुत समझदार है। हर कोई अलग तरह की फिल्म देखना चाहता है। थ्रिलर फिल्मों के बीच अगर कोई सोचने पर मजबूर करने वाली फिल्म आती है, तो लोगों को बदलाव मिलेगा, और मैं कहूंगा कि यह बहुत जरूरी बदलाव होगा। हमारी फिल्म के जरिए हम लोगों को सच और वो तथ्य दिखाएंगे, जो कई सालों से सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरीकों से घूमते रहे हैं। हमने उन सभी बातों को जोड़कर इस फिल्म में पेश किया है। जब आप यह फिल्म देखेंगे, तब आपको असली तथ्य पता चलेंगे और फिर आप अपनी राय खुद बना सकेंगे।

'आखरी सवाल' फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। निखिल नंदा द्वारा प्रेजेंट की गई इस फिल्म को निखिल नंदा और संजय दत्त ने प्रोड्यूस किया है, वहीं पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्ज्वल आनंद इसके को-प्रोड्यूसर्स हैं। फिल्म की कहानी, स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स उत्कर्ष नैथानी ने लिखे हैं। यह फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# बॉबी देओल स्टारर बंदर के पहले गाने क्यूं मजा आ रहा ह का टीजर हुआ जारी

**बॉबी** देओल की जबरदस्त केमिस्ट्री और विशाल मिश्रा की दिल छू लेने वाली आवाज से सजा क्यूं मजा आ रहा है कल रिलीज होगा। जब से बंदर का धमाकेदार टीजर ऑनलाइन आया है, तब से दर्शक बॉबी देओल के वाइल्ड रेट्रो-रॉकस्टार अवतार, उनके आसपास के हंगामे और मेकर्स द्वारा बनाई गई डार्क दुनिया की चर्चा कर रहे हैं। टीजर ने अपने ग्लैमरस लेकिन बेचैन माहौल, इमोशनल उतार-चढ़ाव और बॉबी की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस से इंटरनेट पर बड़ा माहौल बना दिया।




लेकिन जब लोगों को लगा कि वे बंदर की दुनिया को समझ चुके हैं, तभी मेकर्स ने नया सरप्राइज दे दिया, फिल्म के पहले गाने क्यूं मजा आ रहा है का टीजर। और इस बार हंगामा थोड़ा निजी हो गया है।


विशाल मिश्रा की आवाज में यह गाना बंदर का इमोशनल दिल दिखाता है, एक ऐसा रोमांस जिसमें चाहत, जुनून, अकेलापन और बबार्दी सब छिपे हैं। टीजर में बॉबी देओल के किरदार का एक नरम लेकिन खतरनाक इमोशनल पहलू नजर आता है, जिससे दर्शकों को उस रिश्ते की झलक मिलती है जो शायद इस पूरी कहानी के बीच में है।

इस गाने के लिए विशाल मिश्रा बिल्कुल सही आवाज और सही नाम हैं। तुम हो तो (सैयारा), कैसे हुआ (कबीर सिंह) और दीवानियत जैसे गानों के बाद वह हिंदी फिल्म म्यूजिक के बड़े रोमांटिक दौर के साथ बंदर में आए हैं। क्यूं मजा आ रहा है पूरी तरह उनका है, संगीत भी और आवाज भी। बंदर के एल्बम का हर गाना अलग कलाकार लेकर आ रहा है, जो अपनी अलग दुनिया दिखाएगा।

टीजर में जहां पहले बॉबी का उग्र और अनिश्चित अंदाज दिखा था, वहीं अब वह टूटे हुए, प्यार में डूबे और बेहद कमजोर नजर आते हैंड्ड लेकिन साथ ही आने वाले अंधेरे की झलक भी दिखती है। गाने का नाम क्यूं मजा आ रहा हखुद बंदर की दुनिया जैसा है, जहां खुशी में खतरा है, प्यार में टूटन है और मजे में बबार्दी छिपी है।

## थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट

# सिंधु, श्रीकांत का जीत से आगाज, भारत के दोनों स्टार शटलर ने दूसरे राउंड में पक्की की जगह





**एजेंसी/ बैंकाकः** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और पीवी सिंधु थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराया। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग को मात दी। श्रीकांत का सामना चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा, जबकि सिंधु डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी। भारत के तरूण मन्नेपल्ली जापान के ही कोकी वातानाबे से 12-21, 16-21 से हार गए।

**उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब को क्रमशः** थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग और चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त चेन यू फेइ ने हराया। हुड्डा को 21-11 17-21 16-21 से पराजय मिली जबकि खरब को तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन ने 21-19 13-21 18-21 से हराया।

**आयुष शेट्टी नाराओका से हारेः** आयुष शेट्टी जापानी छठे सीड कोडाई नाराओका के खिलाफ मुकाबले को निर्णायक तक ले जाने के बावजूद मोमेंटम बनाए नहीं रख सके। 2-1 के अच्छे हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के साथ मैच में उतरते हुए, भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी की और मैच एक-एक गेम से बराबर कर दिया, लेकिन तीसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा हो गया। नाराओका ने अपने खास रिट्रीवल और लगातार तेजी से नियंत्रण मजबूत किया और 59 मिनट में 21-13, 17-21, 21-4 से शानदार जीत हासिल की।

# आईपीएल 2026 : धर्मशाला में प्लेऑफ को भिड़ेगा पंजाब

## आज एलिमिनेट मुंबई से सामना, लगातार चार हार के बाद दबाव में मेजबान किंग्स

**धर्मशालाः** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मेजबान पंजाब किंग्स प्लेऑफ व पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स सम्मान को भिड़ेगी। धर्मशाला स्टेडियम में गुरुवार को शाम साढ़े सात बजे पंजाब व मुंबई आमने-सामने होंगे। लगातार चार हार के बाद अब मेजबान पंजाब किंग्स पर हर हाल में जीत दर्ज करने का दबाव होगा। सीजन में पहले सात मुकाबलों में से छह में जीत दर्ज करने के बाद लगातार मिल रही हार से अब पंजाब प्लेऑफ में बने रहने के लिए पूरी जोर-आजमाइश करनी होगी। पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियन्स के बीच हिमाचल प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज अहम मुकाबला खेला जाएगा। मुंबई के स्टार खिलाड़ी हिट-मेन रोहित शर्मा, टी-20 के कैप्टन सूर्या कुमार यादव, बूम-बूम बुमराह, हार्दिक पांडया व तिलक वर्मा सहित अन्य बड़े नाम होने के बावजूद टीम नौवें पायदान पर है, वह एलिमिनेट भी हो चुकी है।



धर्मशाला मुकाबले के लिए मुंबई के कैप्टन हार्दिक पांड्या व सूर्या कुमार यादव धर्मशाला नहीं आए हैं। ऐसे में उक्त दोनों दिग्गज के बिना टीम मैदान में उतरेगी, एमआई की ओर से यंग ब्रिगेड को मौका दिए जाने की बातें चल रही हैं। सितारों से सजी हुई मुंबई इंडियंस इस सीजन कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है और सबसे पहले प्लेऑफ की दौड़ से एलिमिनेट हो चुकी है। ऐसे में अब मुंबई की टीम पंजाब किंग्स का खेल बिगाड़ भी सकती है। पंजाब ने शुरूआत से ही बेहतरीन खेल दिखाते हुए लगातार छह मैच जीते थे, जबकि अब धर्मशाला दूसरे होम ग्रांउड में लगातार चौथी हार भी हो चुकी है। ऐसे में पंजाब को प्लेऑफ में बने रहने के लिए अपने आगामी मैच जीतना जरूरी हो गया है। आईपीएल के 19वें सीजन में पंजाब अब भी लगातार चौथी हार के बाद चौथे स्थान पर है, जबकि मुंबई सीजन में मात्र तीन जीत व आठ हार के साथ नौवें स्थान पर है। ऐसे में धर्मशाला में होने वाला मुकाबला पंजाब के लिए अहम होगा।

**हेड-टू-हेड रिकॉर्डः** मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच हमेशा कांटे की टक्कर रही है। 35 मुकाबलों में दोनों टीमें बराबरी पर हैं, यानी पंजाब व मुंबई ने 18-17 मैचों में जीत दर्ज की है। वहीं, धर्मशाला में हिसाब दो-एक का है। धर्मशाला में तीन बार पंजाब व मुंबई आमने-सामने हुए हैं, जिसमें पीबीकेएस ने दो बार, जबकि एमआई के खाते में एक जीत आई है। हालांकि पिछले सीजन में पंजाब व मुंबई का धर्मशाला में होने वाला मैच अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया गया था। अब पंजाब की नजरें आज हर हाल में वापसी कर प्लेऑफ में बने रहने को जीत की दरकार होगी।

**मैच से पहले दोनों टीमों ने किया अभ्यासः** पंजाब के कैप्टन सरपंच श्रेयस अय्यर, प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह, शंशाक सिंह, हरप्रीत बराड़ सहित कई खिलाड़ियों ने बुधवार को अभ्यास किया। इसके साथ ही मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी भी धर्मशाला स्टेडियम में अभ्यास के लिए पहुंचे। इसमें रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, तिलक वर्मा सहित सभी खिलाड़ियों ने अभ्यास सत्र शाम को छह से नौ बजे तक किया। शाम को बारिश के चलते खिलाड़ी मैदान में प्रैक्टिस नहीं कर पाएं। ऐसे में उन्होंने इंडोर ही नेट प्रैक्टिस में पसीना बहाया।

# चक्रवाती तूफान और भारी बारिश ने यूपी में बरपाया कहर, 54 लोगों की मौत

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में बुधवार को चक्रवाती तूफान और बारिश ने जमकर कहर बरपाया। मौसम जनित हादसों में पूरे राज्य में 54 से अधिक लोग अकाल मृत्यु का शिकार हुए। प्रयागराज, भदोही, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सीतापुर और बहराइच समेत कई जिलों में आंधी से सैकड़ों पेड़ धराशायी हो गए, जबकि बिजली के खंभे उखड़ने से विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई और कई इलाके अंधेरे में डूब गए। आंधी बारिश से दर्जनों कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुंचा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर रात बैठक कर आंधी, बेमौसम बारिश, आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं की समीक्षा की और 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए। योगी ने प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर जाने के लिए कहा। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। साथ ही राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनी से नुकसान का सर्वे कराकर शासन को भी अवगत कराने के लिए निर्देशित किया। सर्वे के बाद नुकसान का आंकलन पूरा कर तुंरत मुआवजा देने के लिए कहा गया है। जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार निचले क्षोभमंडल में प्रदेश के पश्चिमोत्तर भाग पर बने चक्रवाती परिसंचरण तथा दक्षिणी राजस्थान से आ रही पुरवा हवाओं की मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं के साथ प्रतिक्रिया के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी और बारिश दर्ज की गई। इस दौरान कुछ स्थानों पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रफ्तार की आंधी तथा 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की झोंकेदार हवाएं चलीं।

सबसे ज्यादा तबाही प्रयागराज मंडल और पूर्वांचल में हुयी। भदोही में 11 और फतेहपुर में दस लोगों के विभिन्न हादसों में जान गंवाने की सूचना है। फतेहपुर में हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बमरौली गांव में एक कच्चा मकान गिरने से चार लोग मलबे में दब गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने राहत कार्य शुरू किया और सभी घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने सिया कली को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य चार घायलों का इलाज जारी है।

सीतापुर जिले में बुधवार दोपहर बाद आई तेज आंधी और वर्षा के दौरान आम का पेड़ गिरने से एक युवक की दबकर मौत हो गई। थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के राजपुर खुर्द गांव निवासी राहुल (18) गांव से कुछ दूरी पर स्थित आम के बाग में पशुओं को घर वापस ला रहा था। इसी दौरान तेज आंधी के चलते आम का एक बड़ा पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। प्रतापगढ़ जिले मे बुधवार शाम अन्तू क्षेत्र के छतरपुर शिवाला गांव मे बिजली गिरने से अधेड़ लाल बहादुर वर्मा की मौत हो गए वह जंगल में जानवर चरा रहा था।

कानपुर में शाम लगभग तीन बजे तेज रफ्तार हवाओं के साथ बूंदाबांदी से मौसम खुशनुमा हो गया और प्रचंड गर्मी से लोगों को कुछ समय के लिये राहत मिली। भदोही में आंधी बारिश के कारण हुए हादसों में कम से कम 11 लोगों के मरने की सूचना है। आंधी बारिश से कई क्षेत्रों में गुल हुई बिजली देर रात तक नहीं आयी थी। मौसम के कारण कई इलाको में इंटरनेट सेवायें भी प्रभावित हुयी हैं।

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले एक सप्ताह के दौरान मौसम के शुष्क रहने तथा तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में एक बार फिर लू चलने की संभावना जताई है। हालांकि आंधी और वर्षा के बावजूद प्रदेश के अनेक हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार बुंदेलखंड क्षेत्र में बुधवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। बांदा में सर्वाधिक 45.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि झांसी में 44.5 डिग्री और प्रयागराज में 43.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रदेश में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है, जिससे विशेष रूप से दक्षिणी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड क्षेत्र में पुनः लू का प्रभाव देखने को मिल सकता है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में आसमान मुख्य रूप से साफ रहने की संभावना है।



## ईरान के खिलाफ हर हाल में जीतेंगे जंग, चीन दौरे से पहले ट्रंप की दोटूक, वह समझौता करेगा या तबाह हो जाएगा

**एजेंसी/ वाशिंगटनः** ईरान और अमेरिका के बीच जारी जंग के चलते दोनों देशों में तनाव बढ़ता ही जा रही है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी जंग अमेरिका हर हाल में जीतेगा। चीन रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि ईरान या तो समझौता करेगा या फिर तबाह हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास हालात संभालने के लिए हर विकल्प मौजूद है। उधर, ईरान ने कहा है कि अमेरिका पांच शर्त पूरी करें, तो वह उससे बातचीत करेगा। रिपोर्ट के अनुसार इन शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना (विशेषकर लेबनान में), ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना, ईरान की संपत्ति पर लगी रोक हटाना, नुकसान की भरपाई करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देना शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने पाकिस्तान को (अमेरिका के साथ ईरान की बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है) यह संदेश दिया कि नौसैनिक नाकाबंदी ने ईरान के इस विचार को और मजबूत कर दिया है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 74 दिनों की जंग में अब तक कम से कम 29 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह रकम सिर्फ हथियारों और सैन्य उपकरणों पर खर्च हुई है। इसमें सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का खर्च शामिल नहीं है।

## दो बाइकों की टक्कर में 2 लोगों की मौत, 2 गंभीर रूप से घायल,8



**जमुईः** बिहार में जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम दो बाइक के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, तथा दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिकंदरा-नवादा मुख्य मार्ग पर धरसंडा मोड़ के समीप दो बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान पुरसंडा गांव निवासी उपेंद्र मंडल और लोहरा गांव निवासी मो. मुख्तार के रूप में हुई है।

सूत्रों ने बताया कि घायलों को स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# आस्था साबित करने को मंदिर जाना जरूरी नहींः सुप्रीम कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका
- घर में दीया जलाना भी आस्था दिखाने के लिए पर्याप्त

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हिंदू धर्म को लेकर महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का तरीका है। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति के हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई विशेष धार्मिक कर्मकांड करना अनिवार्य नहीं है। यहां तक कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है, तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने की। पीठ धार्मिक स्वतंत्रता, महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश और विभिन्न समुदायों की धार्मिक प्रथाओं से जुड़े मामलों पर सुनवाई कर रही है। इनमें सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। संविधान पीठ में



न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं।

सुनवाई के 15वें दिन जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डा. जी मोहन गोपाल ने अदालत के समक्ष कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को पहले एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था और बाद में 1966 में एक फैसले में कहा गया कि हिंदू वह है, जो धर्म और दर्शन से जुड़े सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। डा. गोपाल ने अदालत से कहा कि उन्होंने हमसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा नहीं कहा। मुझे वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और गहरी श्रद्धा है, लेकिन क्या आज हर वह व्यक्ति जिसे हिंदू माना जाता है, वास्तव में वेदों को धर्म और दर्शन में सर्वोच्च मानता है। इस पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि इसीलिए हिंदू धर्म को जीवन जीने का तरीका कहा जाता है। किसी हिंदू के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, ताकि वह हिंदू बना रहे। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति को कर्मकांडों का पालन करना जरूरी नहीं है और किसी की आस्था के रास्ते में कोई बाधा नहीं डाल सकता। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने भी इस दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपनी झोपड़ी के भीतर दीपक जलाता है, तो वही उसके धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है।

## जालंधर धमाके का आरोपी गिरफ्तार, पाकिस्तान में बैठा है आका



**जालंधरः** जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के सामने 5 मई को हुए क्र्ऊ ब्लास्ट केस में पुलिस ने मुख्यारोपी को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक पकड़ा गया मुख्य आरोपी पंजाब का ही रहने वाला है। इस मामले में अभी तक 17 के करीब आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। इस ब्लास्ट मामले में एक हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने आईईडी में अपना सिम कार्ड लगाया हुआ था। आरोपी ने उसी नंबर पर कॉल किया जिस से क्र्ऊ ब्लास्ट हुआ था। सूत्रों के मुताबिक आईईडी में इस्तेमाल विस्फोटक आरोपी ने बॉर्डर एरिया में मौजूद किसी शख्स से लिया था। बताया जा रहा है कि ब्लास्ट के पीछे पाकिस्तान डॉन शहजाद भट्टी का हाथ है। इस मामले के तार आईएसआई से जुड़े हैं। खुद डीजीपी पंजाब गौरव यादव भी पाकिस्तान का हाथ बता चुके हैं। सूत्रों के अनुसार आईएसआई के इशारे पर आतंकी साजिश का प्लान था। वहीं ब्लास्ट मामले में पंजाब में बड़ा ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बुधवार देर रात तक जालंधर पुलिस की कई टीमों ने नकोदर, कपूरथला, नवांशहर, अमृतसर, तरनतारन और होशियारपुर एरिया में सर्च ऑपरेशन चलाए। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ भी की है। हिरासत में लिए गए ज्यादातर युवक पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी से सोशल मीडिया के जरिए टच में थे। ब्लास्ट से लिंक को लेकर जालंधर पुलिस बीते दिनों नवांशहर से भी 3 युवकों को उठा चुकी है। इनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान और तेज किए हैं।

### पीएम मोदी के नक्शे कदम पर सुवेंदु

## सीएम ने विधानसभा की सीढ़ियों पर टेका माथा, दोहराई परंपरा



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में शानदार जीत दर्ज कर राज्य के नए मुख्यमंत्री बने सुवेंदु अधिकारी ने विधानसभा पहुंचकर कुछ ऐसा किया, जिसने साल 2014 की यादें ताजा कर दीं। मुख्यमंत्री बनने के बाद जब वह पहली बार विधानसभा पहुंचे, तो अंदर जाने से पहले उन्होंने मुख्य द्वार की सीढ़ियों पर घुटनों के बल बैठकर अपना माथा टेका। उनका यह अंदाज बिलकुल वैसा ही था, जैसा 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी ने संसद भवन की सीढ़ियों पर माथा टेककर किया था। सुवेंदु अधिकारी के इस कदम को 2014 के उस क्षण का री-क्रिएशन माना जा रहा है। दरअसल जिस तरह 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने दशकों बाद केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी, उसी तरह 2026 में सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा ने बंगाल में पहली बार 207 सीटों का प्रचंड बहुमत हासिल कर इतिहास रचा है। 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में दिल्ली के संसद भवन पहुंचने पर नरेंद्र मोदी ने मुख्य द्वार की सीढ़ियों पर घुटनों के बल बैठकर माथा टेका था। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भी ठीक उसी भाव-भंगिमा के साथ विधानसभा की सीढ़ियों पर नतमस्तक होकर इस लोकतांत्रिक संस्था को अपना सर्वोच्च सम्मान दिया।

**नंदीग्राम सीट छोड़ीः** पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम सीट छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने भवानीपुर सीट पास रखी है। खास बात है कि 2026 विधानसभा चुनाव में अधिकारी ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर ही विजयी रहे थे। उन्होंने भवानीपुर से तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराया था। इससे पहले वह उन्हें 2021 में नंदीग्राम से भी हरा चुके हैं। नौ मई को जब बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार शपथ ले रही थी, तब अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ भवानीपुर विधायक के तौर पर ली थी।

# मंहगाई की मार : दूध के बाद अब सीएनजी भी हुई महंगी, अब 84 रूपये में मिलेगा एक किलो गैस




**मुंबईः** मुंबई महानगर क्षेत्र में अब सीएनजी से सफर करना महंगा हो गया है। महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने सीएनजी की कीमत में 2 रूपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें लागू होने के बाद मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई समेत पूरे टटफ में उठäअब 84रूपये प्रति किलोग्राम मिलेगी। इससे पहले इसकी कीमत 82रूपये प्रति किलोग्राम थी।

कंपनी के अनुसार, बढ़ती इनपुट कॉस्ट और मौजूदा बाजार परिस्थितियों के चलते यह फैसला लिया गया है। एमजीएल ने बयान जारी कर कहा कि वैश्विक स्तर पर गैस की बढ़ती कीमतें, पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल के दाम में उछाल और रुपये में कमजोरी के कारण गैस खरीद की लागत काफी बढ़ गई है। साथ ही महंगे गैस स्त्रोतों पर निर्भरता भी लागत बढ़ाने की बड़ी वजह बनी है।

सीएनजी के दाम बढ़ने के बाद ऑटो-रिक्शा यूनियनों ने किराया बढ़ाने की मांग तेज कर दी है। यूनियनों का कहना है कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों से ड्राइवरों की आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने बेस किराए में कम से कम एक रूपये की बढ़ोतरी की मांग रखी है।

एमएमआर में करीब 12.8 लाख वाहन सीएनजी पर चलते हैं। इनमें लगभग 5 लाख ऑटो-रिक्शा और 1.6 लाख से अधिक टैक्सियां शामिल हैं। रिक्शा चालकों का कहना है कि नई कीमतों के बाद ऑटो चलाने की लागत 18 रूपया प्रति किलोमीटर से अधिक पहुंच गई है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि बढ़ते खर्च को देखते हुए जल्द ही किराए में संशोधन किया जा सकता है।

हालांकि, एमजीएल का दावा है कि नई दरों के बावजूद सीएनजी अब भी पेट्रोल और डीजल के मुकाबले किफायती ईंधन है। कंपनी के एक अधिकारी के मुताबिक, 84रूपया प्रति किलोग्राम की नई कीमत पर भी सीएनजी पेट्रोल की तुलना में करीब 44% और डीजल के मुकाबले लगभग 7% तक सस्ती है।

## भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला, फार्मा और मेटल स्टॉक्स में तेजी



**मुंबई :** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में मजबूती के खुला। सुबह 9:20 पर सेंसेक्स 354 अंक या 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 74,963 और निफ्टी 146 अंक या 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,554 पर था। शुरूआती कारोबार में बाजार में तेजी का नेतृत्व फार्मा, हेल्थकेयर और मेटल शेयर कर रहे थे। सूचकांकों में निफ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी मेटल टॉप गेनर्स थे। निफ्टी एनर्जी, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी पीएसई, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी ऑयल एंड गैस के साथ करीब सभी सूचकांक हरे निशान में थे।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी के साथ कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 395 अंक या 0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,560 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 89 अंक या 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,083 अंक पर था। सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, सन फार्मा, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, आईटीसी, एलएंडटी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, बीईएल, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति सुजुकी गेनर्स थे। एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टीसीएस और टेक महिंद्रा लूजर्स थे।

ज्यादातर एशियाई बाजार तेजी के साथ खुले थे। टोक्यो, हांगकांग, बैंकॉक और सोल हरे निशान में थे, जबकि शंघाई लाल निशान में था। अमेरिकी बाजार की भी करीब यही स्थिति थी, बुधवार को मुख्य सूचकांक डाओ जोन्स 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, नैस्डैक 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवशक (एफआईआई) शुद्ध विक्रेता बने हुए हैं और बुधवार को इक्विटी में 4,703.15 करोड़ रुपए की बिकवाली की। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) ने इक्विटी में 5,869.05 करोड़ रुपए का निवेश किया। कच्चे तेल में तेजी जारी है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 101 डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 0.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ 106 डॉलर प्रति औंस पर था।

# उपायुक्त ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षात्मक बैठक की

**बिनय मिश्रा**

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में बैंक ऑफ इंडिया-ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष कुमार, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक व आरसेटी निदेशक उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि वर्ष 2025-26 में विभिन्न ट्रेड के तहत 909 ग्रामीण युवक-युवतियों को प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया गया है, साथ ही वर्ष 2026-27 में प्रशिक्षण आधारित दो बैच का प्रशिक्षण पूरा हो गया है तथा एक बैच संचालित है। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया की केंद्र के बाहर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के मंडल कारा में चार बैच को फिनायल/पेपर कप मेकिंग, मशरूम



उत्पादन एवं फास्ट फूड से संबंधित प्रशिक्षण करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि जेल से बाहर आने के उपरांत वो भी सम्मानित जीवन यापन कर सकें।

बैठक में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त जेएसएलपीएस की दीदियों की सूची तैयार की जाए, जो निरंतर जीवकोपार्जन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं तथा प्रशिक्षण के दौरान उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लोगों के बीच उनके अनुभव को साझा किया जाए। इसके अलावा समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा प्रशिक्षण केंद्र पर उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं, प्रशिक्षु हेतु संधारित व्यवस्था, आवासन व्यवस्था, भोजन गुणवत्ता आदि के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकाधिक ग्रामीण क्षेत्र के 18-45 आयु सीमा के युवक-युवतियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, कंप्यूटर, सीसीटीवी इंस्टॉलेशन और अन्य तकनीकी कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### तूफान बनकर आई मौत, सिबला रोड पर पेड़ गिरने से एक की मौत, एक गंभीर घायल



**मेदिनीनगर :** बुधवार की शाम आई तेज आंधी और तूफान एक परिवार के लिए मौत बनकर आई। हैदरनगर हाई स्कूल सिबला रोड स्थित मरघटिया मार्ग पर पीपल का विशाल पेड़ अचानक गिर जाने से बाइक सवार दो लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के बड़ेम थाना क्षेत्र अंतर्गत तिवारीडीह निवासी 50 वर्षीय कामदेव चंद्रवंशी के रूप में हुई है। वहीं घायल अनिल चंद्रवंशी (45 वर्ष) रामबांध धोबियाडीह टोला निवासी बताए जाते हैं, जो मृतक के परिजन हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कामदेव चंद्रवंशी एक शादी समारोह में शामिल होने हैदरनगर के रामबांध धोबियाडीह टोला आए हुए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब होने पर परिजन अनिल चंद्रवंशी उन्हें बाइक से इलाज कराने ले गए थे। इलाज के बाद दोनों वापस लौट रहे थे, तभी तेज आंधी-तूफान के बीच मरघटिया रोड पर पीपल का विशाल पेड़ अचानक बाइक पर गिर पड़ा। पेड़ गिरते ही दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और दोनों को निजी वाहन से जपला अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने कामदेव चंद्रवंशी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अनिल चंद्रवंशी की स्थिति नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। अचानक आए तूफान और इस दर्दनाक हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया।

### रेलवे जोन के एसीएम ने की बेस किचन में खाना बनाने के संसाधनों की जांच

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के सहायक वाणिज्य प्रबंधक अंजनी राय ने यात्रियों को बेहतर खानपान सुविधा मुहैया कराने की योजना से टाटानगर में दो बेस किचन का निरीक्षण किया। उन्होंने बेस किचन में यह जायजा लिया कि संचालक खाना खुद बनाकर ट्रेन मैं भेजते हैं या किसी होटल से मंगवा कर देते हैं। इधर, सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने टाटानगर स्टेशन पर भी रेस्टोरेंट और स्टॉल में स्वच्छता एवं अन्य उपकरणों की जांच की है। मालूम हो कि बेस किचन का संचालन आईआरसीटीसी करती है लेकिन यात्री सुविधा के तहत समय-समय पर रेलवे वाणिज्य और खानपान अधिकारी जांच करते हैं ताकि यात्रियों को शिकायत का अवसर नहीं मिले।

### टाटा स्टील में वेज रिवीजन समझौते में देरी, कमेटी मेंबर आक्रोशित

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के कर्मचारियों के वेज रिवीजन समझौते में हो रही देरी ने अब यूनियन कमेटी मेंबरों का भी धैर्य तोड़ दिया है। यह नाराजगी टाटा वर्कर्स यूनियन की आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में खुलकर सामने आ गई है। कमेटी मेंबर बमबम ने मंगलवार को पोस्ट कर कहा कि कंपनी के अंदर जिस तरह का माहौल है, हर कर्मचारी सिर्फ एक ही सवाल पूछ रहा है कि ग्रेड का क्या होगा। टुनू भैया को छोड़कर बाकी सभी ऑफिस बेयरर्स से सीधा सवाल है कि क्या कर्मचारियों को भरोसा दिलाना भी अब आपकी जिम्मेदारी नहीं रही। उन्होंने आगे कहा कि पूरी यूनियन का चुप रहना क्या दशार्ता है।

कर्मचारी रोज सवाल पूछ रहे हैं, लेकिन यूनियन के जिम्मेदार लोग मौन हैं। ऐसा लग रहा है कि यूनियन अब कर्मचारियों की आवाज नहीं, बल्कि सिर्फ कुर्सी संभालने की जगह बनकर रह गई है। प्रेसिडेंट की अनुपस्थिति में डिप्टी प्रेसिडेंट को आगे आना चाहिए था, लेकिन वहां भी कोई पहल नहीं दिख रही। कमेटी मेंबर ने चेतावनी देते हुए लिखा कि कर्मचारी सब देख रहे हैं और सब समझ रहे हैं। उनका धैर्य अब खत्म होने की ओर है। आज सवाल पूछे जा रहे हैं, कल जवाब भी लिया जाएगा।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ अंचल कार्यालय में कांग्रेस का धरना

**धनबाद :** धनबाद सदर अंचल कार्यालय में बुधवार को भ्रष्टाचार, दलाली, रिश्वतखोरी समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। नगर कमेटी अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह व भूली नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गंगा वाल्मीकि ने नेतृत्व किया। संचालन दिनेश यादव ने किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, भूमि मापी, ऑनलाइन आवेदन निष्पादन सहित विभिन्न कार्यों में खुलेआम भ्रष्टाचार व दलाली का खेल चल रहा है, जिससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व आम जनता के शोषण को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जनसमस्याओं के प्रति अधिकारी जागरूक नहीं होते हैं तथा अपनी कार्यसंस्कृति में सुधार नहीं लाते हैं तो जिला कांग्रेस व्यापक जनआंदोलन खड़ा करेगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के धैर्य की परीक्षा लेना बंद करें और जनहित में तत्काल ठोस कार्रवाई करें। मौके पर विधानसभा प्रभारी कालीचरण यादव, मदन महतो, मनोज यादव, इरफान खान चौधरी, महेंद्र दुबे, दिनेश यादव, दीपक कुमार, अरविंद कुमार सैनी, राजकुमार प्रसाद, मुकेश कुमार, अजमेरी खातून, सत्यानंद पांडेय, नौशाद आलम, अजय चौधरी व जोगेंद्र सिंह जोगी आदि मौजूद थे।

### जिला परिषद की संपत्ति व निर्णय प्रक्रिया पर उठे सवाल

धनबाद : जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद सदस्य विकास महतो समेत अन्य सदस्यों ने बुधवार को संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जिला परिषद की संपत्ति और निर्णय प्रक्रिया पर नाराजगी जताई। कहा कि सभी फैसले बोर्ड की बैठक में सामूहिक सहमति से होने चाहिए। महतो ने आरोप लगाया कि हाल में उपाध्यक्ष के आवास पर उनके पति सुभाष रवानी ने प्रेस वार्ता कर कई भ्रामक और तथ्यहीन बातें कहीं। दो शिलान्यास कार्यक्रमों की जानकारी सदस्यों को नहीं दी गई और न ही उन्हें आमंत्रित किया गया। सुभाष रवानी खुद को सांसद प्रतिनिधि बताकर सांसद और विधायक से शिलान्यास कार्यक्रम करा रहे हैं, जबकि जिला परिषद से जुड़े किसी कार्य का निर्णय बोर्ड की बैठक में होना चाहिए।

कांग्रेस भवन का भी मुद्दा उठाया। सदस्यों ने दावा किया कि जिस जमीन पर कांग्रेस भवन बना है, वह जिला परिषद की संपत्ति है। ऐसे में उससे संबंधित किसी निर्णय से पहले बोर्ड की सहमति जरूरी है।

## 100 बोतल अवैध शराब के साथ एक्सयूवी-500 जब्त, तस्कर गिरफ्तार




**मेट्रोरेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बिहार में लागू शराबबंदी कानून के बीच झारखंड से हो रही शराब तस्करी पर हुसैनाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। दंगवार ओपी क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक काले रंग की एक्सयूवी-500 वाहन से 100 बोतल अवैध देशी टनाका शराब बरामद की। मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिव्यांश शुक्ला को 13 मई 2026 को करीब 11:30 बजे सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर की एक एक्सयूवी-500 वाहन से शराब लोड कर दंगवार मार्ग के रास्ते बिहार ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही दंगवार ओपी चेक पोस्ट के समीप हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान एचआर-26-बीजेड-0496 नंबर की एक्सयूवी-500 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में वाहन से चार पेटी अवैध देशी टनाका शराब बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 25 बोतल शराब रखी गई थी। इस प्रकार कुल 100 बोतल शराब जब्त की गई। पुलिस ने शराब के साथ वाहन को भी कब्जे में ले लिया।गिरफ्तार चालक की पहचान विक्रांत सिंह, पिता रामाश्रय सिंह, निवासी बहेरा थाना हुसैनाबाद, जिला पलामू के रूप में हुई है। मामले में हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 103/26 के तहत विभिन्न धाराओं एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस ने कहा कि बिहार सीमा से जुड़े इलाकों में शराब तस्करी रोकने के लिए जांच अभियान लगातार तेज किया जाएगा।

## आद्रा में लाइन में फंसी टाटा, धनबाद हटिया व आसनसोल की ट्रेनें

जमशेदपुर :आद्रा रेल मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण टाटानगर की ट्रेनों के परिचालन दूरी में कटौती करने के साथ बदले मार्ग पर चलाने का आदेश हुआ है। इससे टाटानगर-आसनसोल मेमू ट्रेन 15, 16 और 17 मई को आद्रा से अपडाउन करेगी जबकि टाटा-हटिया एक्सप्रेस का मार्ग बदलेगा। बताया जाता है कि ब्लॉक के दौरान इंजीनियरिंग, ट्रैक्शन, सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन का काम होना है। इधर, लाइन ब्लॉक के कारण गुरुवार को धनबाद आदित्यपुर एक्सप्रेस और आसनसोल टाटानगर मेमू ट्रेन आद्रा स्टेशन से लौट जाएगी। कोल्हान और पश्चिम बंगाल के साथ झारखंड के विभिन्न जिलों की ट्रेनों के परिचालन में फेरबदल होने से सैकड़ो यात्रियों को आवागमन में दिक्कत होगी।

## दुमका में शिक्षकों की दक्षता परीक्षा का आयोजन



### प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों शिक्षक हुए शामिल

**दुमका:** जरमुंडी ब्लॉक के सैकड़ों टीचरों ने प्लस टू हाई स्कूल, जरमुंडी में ळठअ ऑनलाइन एग्जाम दिया. झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा राज्य में कार्यरत शिक्षकों में विषय अनुसार कितनी जानकारी कौन विषय में कौन शिक्षक रखता है, इसी की जांच को लेकर दक्षता परीक्षा का ऑनलाइन आयोजन किया गया. अब शिक्षकों का विधिवत मूल्यांकन किया जाएगा और कमी के अनुसार उनको प्रशिक्षण भी दिया जाएगा.

पहले दिन लगभग 300 टीचरों ने भाग लिया

सरकारी स्कूलों में काम करने वाले टीचरों की क्वालिटी सुधारने और उनकी काबिलियत को परखने के लिए, ब्लॉक के अलग-अलग स्कूलों के टीचरों के लिए प्लस टू, हाई स्कूल, जरमुंडी में ळठअ एग्जाम कराया गया. पहले दिन करीब 300 टीचरों ने हिस्सा लिया.

तीसरी बार टीएनए परीक्षा का आयोजन

प्रखंड संसाधन सेवी लक्ष्मण राउत ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश पर पूरे राज्य में शिक्षकों की जांच के लिए तीसरी बार टीएनए परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है. परीक्षा से पूर्व शिक्षकों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया था.

परीक्षा में कुल 60 प्रश्न

परीक्षा पूरी तरह ऑनलाइन है और इस दौरान शिक्षकों को कुल 60 प्रश्नों का उत्तर देना है. परीक्षा के आधार पर ही शिक्षकों की दक्षता जांच की जाएगी. वहीं शिक्षक अंसार आलम ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा शिक्षकों की दक्षता जांच के लिए तीन दिनों तक आयोजित हो रहे तीसरे राउंड की टीएनए परीक्षा में प्रथम दिन की दोनों पालियों में लगभग 300 शिक्षकों ने भाग लिया. आगामी दो दिनों में सैकड़ों शिक्षक इस परीक्षा में शामिल होंगे.

शिक्षकों का टीएनए दक्षता परीक्षा का ऑनलाइन किया गया आयोजन झारखंड सरकार की शिक्षा परियोजना द्वारा किया गया. शिक्षकों में विषय की कितनी जानकारी है और क्या सुधार होना चाहिए इसी को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत मूल्यांकन भी किया जाएगा.

## पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़, घंटों करना पड़ रहा इंतजार

जमशेदपुर :जमशेदपुर सहित पूरे पूर्वी सिंहभूम जिले के पेट्रोल पंपों पर वाहनों को की लंबी-लंबी करें लगी हुई हैं। पेट्रोल और डीजल की किल्लत की खबरों के बीच लोग आपाधापी में पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे हैं। जमशेदपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन देखे जा रहे हैं।

## नीट पेपर लीक का विरोध शुरू, फूंका पुतला

**धनबाद :** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के प्रश्नपत्र लीक मामले में बुधवार को छात्र संगठनों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। झारखंड छात्र मोर्चा धनबाद व आइसा के छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका। मंत्री को बर्खास्त करने की मांग कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। छात्र नेताओं ने कहा कि छात्र दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं। पेपर लीक जैसी घटनाओं के कारण उन्हें मानसिक तनाव, असुरक्षा और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मौके पर जिलाध्यक्ष आजाद महतो, सचिव कुणाल पांडेय, स्पर्श चौधरी, गुलेल अंसारी व रमेश सोरेन समेत अन्य मौजूद थे। वहीं आइसा ने भी बुधवार को प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने एकलव्य बालक छात्रावास शक्तिनगर के समीप केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया। लापरवाह एनटीए अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की गई। मौके पर जिला सचिव रितेश मिश्रा, दीपक महतो, वीरेंद्र कुमार, चेतन यादव समेत अन्य मौजूद थेनीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक का शिक्षकों ने भी विरोध शुरू कर दिया है। धनबाद कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का प्रश्नपत्र तक सुरक्षित नहीं रह पा रहा। युवाओं का भविष्य पेपर माफियाओं और भ्रष्ट तंत्र के हाथों नीलाम हो रहा है। विद्यार्थी कठिन परिश्रम करते हैं। यह उनके साथ मजाक है।

## हजारीबाग नगर निगम बोर्ड की बैठक का बहिष्कार

# अधिकारी के नहीं पहुंचने पर महापौर और पार्षद हुए नाराज

**संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर निगम इन दिनों सुर्खियों में है. बुधवार को नगर निगम बोर्ड की बैठक आयोजित थी. बैठक को लेकर तैयारी भी चल रही थी. बैठक के वक्त पदाधिकारी के उपस्थित नहीं होने के कारण महापौर और पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया. घंटों जनप्रतिनिधि पदाधिकारी के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन पदाधिकारी नहीं पहुंचे. इस कारण बैठक नहीं हो पाई. बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी थी.

महापौर अरविंद राणा ने बताया कि बैठक में कई योजना, जिसमें बरसात से पहले नाली निर्माण और साफ-सफाई को लेकर कदम उठाना था. वह सारा अब ठंडे बस्ते में चला गया है. महापौर ने जानकारी दी कि बोर्ड बैठक में निगम के अधिकारियों की उपस्थिति बेहद महत्वपूर्ण होती है. नगर आयुक्त बैठक में नहीं आए, सहायक नगर आयुक्त बैठक में पहुंचे और कुछ ही मिनट में हाईकोर्ट जाने की बात कह कर निकल गए. इसके बाद कोई भी पदाधिकारी बैठक में नहीं



रहा. अंतिम दौर में एक पदाधिकारी पहुंचे, लेकिन तब तक जनप्रतिनिधियों ने बोर्ड की बैठक का बहिष्कार कर दिया था.

**बैठक में न आना गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हैः महापौर**

महापौर ने कहा कि यह बेहद गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है. जिसे असंवैधानिक घोषित किया जा सकता है. जनप्रतिनिधि पदाधिकारी के आने का इंतजार करते रह गए और फिर वापस लौट गए. यहां तक कि बोर्ड बैठक में पूरी प्रकिया की रिकॉर्डिंग होती है. रिकॉर्डिंग करने वाले कर्मी भी नहीं पहुंचे. ऐसे में यह प्रतीत होता है कि पहले से बैठक नहीं होने देने को लेकर रणनीति बनाई गई थी. महापौर ने कहा कि आम जनता के प्रति उनकी जिम्मेदारी है. बहुत ही विश्वास के साथ लोग मतदान करते हैं. जब आम लोगों के विश्वास पर खड़ा नहीं उतरेंगे तो यह अपमानजनक है.

**अधिकारी का न पहुंचना अपमानजनक हैः पार्षद**

बैठक में पहुंची महिला पार्षद निखत यासमीन ने बताया कि यह बेहद अपमानजनक स्थिति हो गई है कि जनप्रतिनिधि घंटों पदाधिकारी के आने का इंतजार करते रहे. कोई भी पदाधिकारी नहीं पहुंचा. जिस कारण यह बैठक स्थगित हो गई. उन्होंने कहा कि नगर निगम में 36 वार्ड है, जहां कई तरह की योजना धरातल पर उतरनी थी. बरसात से पहले साफ-सफाई को लेकर रणनीति बनानी थी. जो धरा का धरा रह गया. प्रशासनिक उदासीनता के कारण बैठक स्थगित हो गई.